वर्ष-14 - अंक 116
पृष्ट-08 मूल्य : 01 रुपया

सीतापुर
मंगलवार,04 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार
तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के
लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कांवड़ यात्रा को लेकर चहलारी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था ............ 3
बृजभूषण शरण सिंह को अदालत से राहत, यूपी की राजनीति में ........... 4
जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में छूट रहे पसीने...................................... 08

## कर्नाटक मंत्रिमंडल का विस्तार: 20 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक में सोमवार को मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार किया गया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राजभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की मौजूदगी में कांग्रेस के 20 विधायकों को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही कांग्रेस सरकार ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने का प्रयास किया, लेकिन अंतिम समय में सूची में किए गए बदलावों ने पार्टी के भीतर असंतोष भी पैदा कर दिया। शपथ लेने वाले प्रमुख नेताओं में एच.सी. बालकृष्ण, के.एस. बसवंथप्पा, डॉ. अजय सिंह, एन. चालुवरायस्वामी, बसवराज रायरेड्डी, लक्ष्मण सावदी, मधु बंगारप्पा, बी.जेड. जमीर अहमद खान, रिजवान अरशद, संतोष लाड, पुत्तरंगाशेट्टी, एस.एस. मल्लिकार्जुन, के.एम. शिवलिंगे गौड़ा, गायत्री शांतेगौड़ा (एमएलसी), विजयानंद काशप्पनवर सहित अन्य विधायक शामिल रहे। इसके अलावा पी.एम. नरेंद्रस्वामी (मलवल्ली), शिवराज तंगदगी (कनकागिरी), रुद्रप्पा लमानी (हावेरी), बी. नागेंद्र (बल्लारी ग्रामीण) और टी. रघुमूर्ति (चालाकेरे) को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विधायक और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।



मंत्रिमंडल विस्तार से पहले कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अंतिम समय में सूची में किए गए बदलावों ने कई नेताओं की नाराजगी बढ़ा दी। शपथ ग्रहण से कुछ घंटे पहले मनकल एस. वैद्य का नाम सूची से हटाकर पूर्व मंत्री एस.एस. मल्लिकार्जुन को शामिल कर लिया गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह फैसला क्षेत्रीय और सामाजिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए लिया गया। हालांकि इस बदलाव से कई दावेदारों में असंतोष फैल गया। कुछ नेताओं ने इसे अपने साथ अन्याय बताते हुए नाराजगी जताई, जबकि उनके समर्थकों ने कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन भी किए। इंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक यशवंत रायगौड़ा पाटिल ने मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने की चेतावनी दी। उन्होंने दावा किया कि उन्हें अंतिम समय तक मंत्री बनाए जाने का भरोसा दिया गया था, लेकिन शपथ ग्रहण से ठीक पहले उनका नाम सूची से हटा दिया गया। पत्रकारों से बातचीत में पाटिल ने कहा कि यह उनके साथ राजनीतिक साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व ने पहले उन्हें शपथ ग्रहण की तैयारी करने को कहा था, लेकिन बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के उनका नाम हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि अब अपने समर्थकों को जवाब देना उनके लिए कठिन हो गया है। मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिलने से नाराज कुछ नेताओं के समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने विरोध स्वरूप जहर खा लिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना ने पार्टी के भीतर बढ़ते असंतोष को और उजागर कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस नेतृत्व ने मंत्रिमंडल विस्तार के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों और सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया है। विशेष रूप से मध्य कर्नाटक और लिंगायत समुदाय से जुड़े नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल कर पार्टी ने आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाने की कोशिश की है। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के सामने सरकार की प्राथमिकताओं को तेजी से लागू करने के साथ-साथ पार्टी के भीतर नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं को संतुष्ट करने की भी चुनौती होगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि असंतोष को समय रहते दूर नहीं किया गया तो इसका असर सरकार और संगठन दोनों पर पड़ सकता है। कुल मिलाकर, कर्नाटक मंत्रिमंडल का यह विस्तार जहां सरकार को नया स्वरूप देने वाला साबित हुआ है, वहीं अंतिम समय में हुए फेरबदल ने कांग्रेस के भीतर असंतोष और गुटबाजी की चर्चाओं को भी तेज कर दिया है। आने वाले दिनों में पार्टी नेतृत्व इस असंतोष को किस तरह संभालता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

## दक्षिणी लेबनान पर इजरायल के ताजा हमले युद्धविराम के बावजूद फिर बढ़ा तनाव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम के बावजूद सीमा क्षेत्र में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों पर हवाई और तोपखाने से हमले किए, जिससे दोनों देशों के बीच संघर्ष तेज होने की आशंका बढ़ गई है। ताजा हमलों में टायर, मरजायून और बिंत जबील सहित कई शहरों और आसपास के गांवों को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने नबातियेह जिले के अली अल-ताहर पहाड़ी क्षेत्र में बमबारी की। हमलों के दौरान विस्फोटक और आग लगाने वाले हथियारों का इस्तेमाल किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। वहीं, टायर के निकट स्थित चामा गांव पर इजरायली सेना ने तोपों से गोले दागे, जबकि तैयबे और यारून गांवों में जैतून के बागों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं। रिपोर्टों के अनुसार, हालिया घटनाक्रम के बाद दक्षिणी लेबनान में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन और राहत एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों का आकलन कर रही हैं। हालांकि, तत्काल किसी बड़े स्तर पर हताहतों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रविवार को हिज्बुल्लाह की ओर से इजरायल पर किए गए हमलों के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया। हिज्बुल्लाह ने दावा किया कि उसके हमले लेबनान पर लगातार हो रही इजरायली सैन्य कार्रवाई के जवाब में किए गए थे। इसके बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान में कई ठिकानों को निशाना बनाते हुए जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजरायल और लेबनान के बीच पिछले महीनों में कई बार युद्धविराम पर सहमति बनी, लेकिन सीमा क्षेत्र में समय-समय पर संघर्ष जारी रहा। दोनों देशों के बीच 16 अप्रैल को युद्धविराम समझौता हुआ था, जिसका उद्देश्य इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लंबे समय से जारी संघर्ष को समाप्त करना था। इसके बावजूद दक्षिणी लेबनान में छिटपुट सैन्य कार्रवाई लगातार होती रही है। इसके बाद 26 जून को अमेरिका की मध्यस्थता में वॉशिंगटन में दोनों पक्षों के बीच एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत दक्षिणी लेबनान से इजरायली सैनिकों की चरणबद्ध वापसी और उनकी जगह लेबनानी सशस्त्र बलों की तैनाती का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, हिज्बुल्लाह के महासचिव शेख नईम कासिम ने इस समझौते की आलोचना करते हुए इसे इजरायल के सामने आत्मसमर्पण जैसा कदम बताया था। इसके बाद से सीमा पर तनाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। विश्लेषकों का मानना है कि इजरायल और लेबनान के बीच बढ़ता तनाव पूरे पश्चिम एशिया की सुरक्षा और स्थिरता के लिए चिंता का विषय बन सकता है। यदि दोनों पक्षों के बीच सैन्य कार्रवाई जारी रहती है तो क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका भी बढ़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार दोनों पक्षों से संयम बरतने और युद्धविराम समझौते का पालन करने की अपील कर रहा है। फिलहाल दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्रों में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और घटनाक्रम पर दुनिया की नजर बनी हुई है।



## संक्षिप्त ख़बरें

### असम में 15 साल की लड़की की बेरहमी से हत्या, पांच लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी ।** असम पुलिस ने हैलाकांडी जिले में कटलीचेरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले अलोइ?चोरा क्षेत्र में एक लड़?की की उसके घर में हुई निर्मम हत्या के सिलसिले में सोमवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि संदिग्धों को सोमवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। अधिकारी इस जघन्य अपराध के सभी संभावित पहलुओं की जांच करने के लिए अपनी जांच का दायरा बढ़ा रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात करीब 11:00 बजे हुई, जब घर पर 15 वर्षीय लड़की अकेली थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, लड़की पहले अपने परिवार के साथ पास के एक रिश्तेदार के घर दावत में शामिल होने गई थी। हालांकि, चचेरे भाई के साथ मामूली कहासुनी के बाद वह जल्दी घर लौट आई। जब परिवार उस रात वापस लौटा तो उन्होंने उसका शव फर्श पर पड़ा पाया। हमला अत्यंत क्रूरता से किया गया था, उसका चेहरा और सिर बुरी तरह विकृत हो गए थे, जिससे परिवार के लिए उसका शरीर पहचानना लगभग असंभव हो गया था।

### मांजलपुर सीट पर भाजपा की बड़ी जीत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले की मांजलपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अपना गढ़ कायम रखा है। भाजपा उम्मीदवार सतीश पटेल ने कांग्रेस के भीखा रबारी को 30,630 मतों के बड़े अंतर से पराजित किया। अंतिम मतगणना के अनुसार सतीश पटेल को 55,481 वोट, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भीखा रबारी को 24,851 वोट प्राप्त हुए। मतगणना सोमवार सुबह मकरपुरा स्थित भारतीय विद्या भवन में शुरू हुई। शुरुआती दौर से ही भाजपा उम्मीदवार बढ़त बनाए रहे।

पहले कुछ चरणों में मिली बढ़त बाद के राउंड में लगातार बढ़ती गई और 20वें तथा अंतिम राउंड तक यह अंतर 30 हजार से अधिक मतों तक पहुंच गया। मांजलपुर सीट लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ रही है। इस उपचुनाव में मिली जीत के साथ पार्टी ने इस विधानसभा क्षेत्र में अपना राजनीतिक दबदबा एक बार फिर साबित कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह परिणाम वडोदरा क्षेत्र में भाजपा के मजबूत संगठन और जनाधार को दर्शाता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपरनकुंद्रम दीपम मामले में मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया। दरअसल, राज्य सरकार ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मदुरै जिले के तिरुपरंकुंड्रम पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित 'दीपा थून' यानी दीप स्तंभ पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति दी गई थी। जस्टिस अरविंद कुमार और विपुल एम पंचोली की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के सामने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों से जवाब मांगा। अब आगे की सुनवाई के लिए इस मामले को दूसरे लंबित मामलों से जोड़ दिया गया है। हालांकि,



सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के एकतरफा रोक के आग्रह को खारिज कर दिया। जस्टिस कुमार की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में विलंब से पहुंचने के पीछे की वजह पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर क्यों तमिलनाडु सरकार ने जून में ही याचिका दाखिल की जबकि हाईकोर्ट ने आदेश जनवरी में दिया था। राज्य सरकार की ओर से 11 जून को विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की गई थी। कुछ दिनों बाद ही मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने अपना पद ग्रहण कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को लंबित याचिका के साथ जोड़ दिया जाए, जिसे हिंदू धर्म परिषद की ओर से दाखिल किया गया है। इस याचिका में भारतीय पुरातात्विक सर्वे विभाग से थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी की जिम्मेदारी लेने को कहा गया है। साथ ही, विवादित स्थल पर प्रतिदिन दीपक जलाने का आदेश भी दिया गया है। यह पूरा विवाद पत्थर की मीनार पर स्थित पारंपरिक कार्तिगई दीपम पर दीया जलाने से जुड़ा हुआ है। इसे 'दीपा थून' के नाम से भी जाना जाता है। यह दीपा थून थिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी के दरगाह पर स्थित है। यहां पर अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर और दरगाह भी है।

इससे पहले, मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने एक पुराने आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें जस्टिस जीआर स्वामीनाथन की एकल पीठ शामिल थी। इस आदेश में मंदिर प्रशासन को शीर्ष पर पत्थर के स्तंभ पर कार्तिगई दीपम को जलाने की अनुमति दी गई थी।

## 15 दिन में डीए और एरियर जारी करे पंजाब सरकार: हाई कोर्ट

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने महंगाई भत्ते (डीए) और लंबित एरियर के मामले में पंजाब सरकार को बड़ा झटका देते हुए कर्मचारियों और पेंशनरों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने सरकार की लेटर्स पेटेंट अपील (एलपीए) खारिज करते हुए निर्देश दिया है कि 15 दिनों के भीतर केंद्रीय पैटर्न के अनुसार महंगाई भत्ता जारी किया जाए तथा 1 जनवरी 2016 से लंबित एरियर का भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए। मामले से जुड़े अधिवक्ता सनी सिंगला ने बताया कि पंजाब सरकार ने वर्ष 2021 में छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया था। इसके तहत कर्मचारियों और पेंशनरों का संशोधित वेतन एवं पेंशन 1 जनवरी 2016 से प्रभावी मानी गई थी। ऐसे में उसी तिथि से केंद्रीय पैटर्न के अनुरूप महंगाई भत्ता भी देय था। हालांकि सरकार ने वर्ष 2016 से लेकर 1 जनवरी 2023 तक महंगाई भत्ते का भुगतान किया, लेकिन इसके बाद डीए जारी करना बंद कर दिया। इसके विरोध में कर्मचारियों और पेंशनरों ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने 8 अप्रैल 2026 को अपने फैसले में पंजाब सरकार को 30 जून 2026 तक बकाया डीए और एरियर जारी करने का निर्देश दिया था। लेकिन सरकार ने आदेश का पालन करने के बजाय इसके खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील दायर कर दी। अब डिवीजन बेंच ने सरकार की अपील को पूरी तरह खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्रीय पैटर्न के अनुसार महंगाई भत्ता और सभी लंबित एरियर 15 दिनों के भीतर जारी किए जाएं।

## कर अपील सीमा बढ़ने से 16,690 करोड़ रुपये के विवाद घटे: सरकार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि विभागीय कर अपीलों की मौद्रिक सीमा बढ़ाने के फैसले से विवादित कर मांग में अनुमानित 16,690 करोड़ रुपये की कमी आई है। सरकार के अनुसार, इस निर्णय से आयकर अपीलीय मंचों पर लंबित मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है और कर विवादों के त्वरित निस्तारण को बढ़ावा मिला है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि केंद्रीय बजट 2024-25 के बाद अधिसूचित नई मौद्रिक सीमाओं के तहत



आयकर विभाग ने बड़ी संख्या में अपीलें वापस लीं या उन्हें दायर नहीं किया। इसका सीधा असर आयकर अपीलीय अधिकरण, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित कर मामलों पर पड़ा। वित्त मंत्री के अनुसार, आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) में 443 मामले वापस लिए गए, जबकि 11,390 मामलों में विभाग ने अपील दायर नहीं की। इससे विवादित कर मांग में लगभग 3,662.82 करोड़ रुपये की कमी आई।

## मणिपुर में गिरफ्तार आठ उग्रवादियों में दो महिलाएं शामिल, हथियार और ड्रग्स जब्त

**इंफाल(एजेंसी)।** पिछले 24 घंटों में मणिपुर में सुरक्षा बलों के अलग-अलग संयुक्त अभियानों में प्रतिबंधित विद्रोही संगठनों से जुड़े आठ उग्रवादियों (जिनमें दो महिला कैडर भी शामिल हैं) को गिरफ्तार किया गया और उनसे हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान के दौरान इम्फाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों से आठ उग्रवादियों को




पकड़ा गया, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी प्रतिबंधित कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) और पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके राजनीतिक विंग, रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ) से जुड़े हैं।

अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए चरमपंथी कथित तौर पर कई गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें अपहरण और जबरदस्ती 'चंदा' वसूलना शामिल है।

सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, सब्सक्रिप्शन की रसीदें, नकद, बिक्री से जुड़ी चीजे, प्रतिबंधित संगठनों के लेटरहेड और अन्य सामग्री बरामद की। दो अलग-अलग ऑपरेशन्स में संयुक्त सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। ये बरामदगी थोउबल जिले के थोउबल पुलिस स्टेशन के तहत अरोन्ग नदी के पास एकोक पाट से और तेंगनौपाल जिले के मोरेह पुलिस स्टेशन के तहत एक जंगली इलाके से की गई। तेंगनौपाल जिला म्यांमार के साथ बिना बाड़ वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है।

बरामद की गई चीजों में दो आईएनएसएएस राइफल, एक एमपी-5 सबमशीन गन, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एलएलआर), दो .303 राइफल, आठ मैगजीन, एक स्मोक बम और अलग-अलग कैलिबर के 379 राउंड जिंदा कारतूस शामिल थे।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पाकिस्तान का सबसे बड़ा और संसाधन संपन्न प्रांत बलूचिस्तान एक बार फिर हिंसा और अस्थिरता के केंद्र में है। पिछले कुछ महीनों में बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों और बलूच विद्रोही संगठनों के बीच संघर्ष तेज हुआ है। लगातार हो रहे हमलों, सुरक्षा अभियानों और बढ़ते जन असंतोष ने पाकिस्तान सरकार और सेना के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। हाल के घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया है कि व्यापक सैन्य तैनाती और बड़े अभियानों के बावजूद क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं हो रहा है। वर्तमान समय में पाकिस्तान एक साथ कई सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। पश्चिमी सीमा पर अफगानिस्तान के साथ तनाव, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बढ़ती गतिविधियां और बलूचिस्तान में जारी संघर्ष



ने सुरक्षा एजेंसियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि इन समानांतर चुनौतियों के कारण पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई में जियारत जिले के मांगी डैम पंपिंग स्टेशन स्थित एक पुलिस चौकी पर हुए हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन शाबान' शुरू किया। इसके समानांतर बलूचिस्तान में 'ऑपरेशन अल-अज्म' भी चलाया गया, जिसका उद्देश्य विद्रोही गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करना बताया गया। हालांकि, इन अभियानों के बावजूद क्षेत्र में हिंसा और हमलों की घटनाएं पूरी तरह थमती नजर नहीं आ रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और विद्रोही समूहों के बीच संघर्ष जारी रहने की खबरें मिलती रही हैं। बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना, वायु सेना, नौसेना, तटरक्षक बल और विभिन्न खुफिया एजेंसियों की बड़ी संख्या में तैनाती है। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण ग्वादर बंदरगाह भी इसी प्रांत में स्थित है, जिसे पाकिस्तान की आर्थिक और सामरिक योजनाओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इसके अलावा पासनी, ओरमारा और जिवानी में नौसैनिक अड्डे भी स्थापित हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी व्यापक सैन्य मौजूदगी के बावजूद बलूचिस्तान के दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में प्रभावी नियंत्रण बनाए रखना पाकिस्तान के लिए चुनौती बना हुआ है। बलूचिस्तान प्राकृतिक गैस, खनिज और अन्य संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद लंबे समय से विकास और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पिछड़ा माना जाता है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि प्रांत के संसाधनों का लाभ स्थानीय लोगों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसी कारण क्षेत्र में असंतोष और अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा मिलने की बात कई विश्लेषक करते हैं। उनका मानना है कि जब तक विकास, रोजगार और स्थानीय भागीदारी से जुड़े मुद्दों का समाधान नहीं होगा, तब तक केवल सैन्य कार्रवाई से स्थिति को पूरी तरह सामान्य बनाना कठिन रहेगा।

## चूरू में टेम्पो और ट्रेलर की टक्कर में तीन महिलाओं की मौत

**चूरू(एजेंसी)।** राजस्थान के चूरू जिले में सोमवार को बोबासर ओवरपास के पास तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक टेम्पो ट्रैवलर की एक ट्रेलर ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा सुजानगढ़ पुलिस स्टेशन इलाके में तब हुआ, जब कोलकाता के एक परिवार के 17 सदस्यों को ले जा रही टेम्पो ट्रैवलर सालासर बालाजी मंदिर से पुष्कर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, बोबासर ओवरपास के पास ट्रेलर ने टेम्पो ट्रैवलर को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। मदद के लिए चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से बचाव दलों ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी से घायल यात्रियों और मृतकों को बाहर निकाला। बचाव अभियान की देखरेख के लिए सुजानगढ़ के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश वर्मा और डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस दरजाराम मौके पर पहुंचे। घायलों को सुजानगढ़ के सरकारी बागरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कई घायलों को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें कड़ी चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित पश्चिम बंगाल के कोलकाता के रहने वाले थे और उन्होंने राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों की तीर्थयात्रा के लिए टेम्पो ट्रैवलर किराए पर लिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रावण व कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण



**देवरिया।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सोमवार को बरहज के प्रमुख नदी घाटों और मदनपुर स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बरहज के घाटों पर एसपी ने बैरिकेडिंग, सुरक्षित आवाजाही, नावों व प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता, चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड और पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस की पहल पर नगर पालिका परिषद बरहज के सहयोग से घाटों पर चेंजिंग रूम और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। इसके बाद बाबा महेंद्रनाथ मंदिर पहुंचकर उन्होंने भीड़ प्रबंधन, प्रवेश-निकास व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें सुरक्षित और सुगम दर्शन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### बिहार तस्करी को ले जाई जा रही 406.5 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बिहार ले जाई जा रही कुल 406.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर दो चारपहिया वाहन भी कब्जे में लिए हैं। थाना बनकटा पुलिस ने सुंदरपार तिराहे के पास एक महिंद्रा स्कॉर्पियो से 35 पेटी 8 पीएम अंग्रेजी शराब (302.4 लीटर) और पांच पेटी किंगफिशर बीयर (60 लीटर) बरामद की। इस दौरान बिहार के सिवान निवासी सोनू कुमार (19) को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 8.95 लाख रुपये बताई गई है। वहीं थाना लार पुलिस ने चुटिया ईंट भट्ठा के पास टाटा पंच कार से सात पेटी 8पी एम अंग्रेजी शराब (44.10 लीटर) बरामद कर बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी अनीस कुमार सिंह और पूर्वी चंपारण निवासी अखिल दूबे को गिरफ्तार किया।दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब बिहार ले जाकर खपाने की तैयारी थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

### डीएम ने शिक्षा, पोषण और बाल संरक्षण योजनाओं की किया समीक्षा, दिया आवश्यक निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा, जिला पोषण समिति-आईजीआरएस तथा प्रोबेशन विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें कर अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में डीएम ने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य करने तथा कायाकल्प योजना के 19 मानकों को पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पठन-पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अवैध विद्यालयों पर भी कार्रवाई करने को कहा। जिला पोषण समिति एवं आईजीआरएस की बैठक में जिलाधिकारी ने गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा पोर्टल पर त्रुटिरहित डेटा अपलोड करने को कहा।

# तेज बारिश में ढही आंगनबाड़ी केंद्र की छत, बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत भदेसुवा के मजरा मंसबखेड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की जर्जर छत रविवार देर रात तेज बारिश के दौरान भरभराकर गिर गई। हादसा रात करीब दो बजे हुआ। घटना के समय केंद्र बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। दिन में छत गिरती तो यहां पढ़ने वाले करीब 30 बच्चों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। ग्रामीणों के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्र का भवन करीब 40 वर्ष पुराना है। लंबे समय से भवन की छत और दीवारों में दरारें थीं। इसके बावजूद इसी भवन में बच्चों की पढ़ाई और आंगनबाड़ी की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। रविवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के दौरान अचानक पूरी छत भरभराकर गिर गई और कमरा मलबे में तब्दील हो गया। हादसे में केंद्र के अंदर रखा करीब दो लाख रुपये मूल्य का फर्नीचर, बच्चों की अध्ययन सामग्री, पोषण संबंधी उपकरण, अभिलेख और अन्य सामान मलबे में दब गया। सोमवार सुबह जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान मोनू यादव ने आरोप लगाया कि जर्जर भवन को लेकर कई बार खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर नए भवन के निर्माण या मरम्मत की मांग की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों की लापरवाही के चलते बच्चों की जान जोखिम में डालकर केंद्र का संचालन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समय रहते भवन को अनुपयोगी घोषित कर नया निर्माण कराया जाता तो यह स्थिति नहीं बनती। उनका कहना है कि क्षेत्र के कई अन्य सरकारी भवन भी जर्जर हैं, जिनकी तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रधान के अनुसार घटना की सूचना तत्काल बीडीओ को दे दी गई थी, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई अधिकारी मौके का निरीक्षण करने नहीं पहुंचा था। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सामान का आकलन कर मुआवजा दिलाने, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा नए आंगनबाड़ी भवन का जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

**पहले भी दी गई थी चेतावनी...**

ग्राम प्रधान का कहना है कि जर्जर भवन की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी गई थी। बावजूद इसके न तो भवन की मरम्मत कराई गई और न ही बच्चों को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि नया भवन बनने तक आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किसी सुरक्षित भवन में कराया जाए।

## पूजा-अर्चना के साथ नगर पंचायत भवन का गृह प्रवेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर के नवनिर्मित भवन में सोमवार को पूजा अर्चना के साथ गृह प्रवेश हुआ। गृह प्रवेश का कार्यक्रम एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने फीता काटकर किया। नये भवन का निर्माण जलकल परिसर में लगभग 3 करोड़ 15 लाख की लागत से बंदन योजना के तहत कराया गया है। गृह प्रवेश से पूर्व रविवार को भवन के अंदर अखंड रामायण का पाठ कराया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम व उनके प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम ने यजमान की भूमिका में पूजन अर्चन किया।संगीतमय अखंड रामायण पाठ में नगर पंचायत के सभी निर्वाचित सभासद व मनोनीत सभासद गण भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डा रतन पाल सिंह ने कहा कि जल्द ही नगर पंचायत को नगर पालिका के रूप में तब्दील कराया जाएगा जिसके लिए अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम जी अथक प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने कहा कि भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आभासी रूप में किया जा चुका है। गृह प्रवेश के अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। गृह प्रवेश के दौरान अध्यक्ष सुधा निगम के अतिरिक्त सभी सभासद विजय यादव, अंकित त्रिपाठी, जय रतन चौरसिया, सज्जाद अली, सुशील पांडेय आदि व कर्मचारी गण भी मौजूद रहे।

## 41 साल पुराने सिविल विवाद का मध्यस्थता से निस्तारण, 1985 से लंबित वाद सुलझा

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0' के तहत वर्ष 1985 से लंबित 41 साल पुराने सिविल वाद का आपसी सुलह-समझौते से सफल निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन तथा सचिव अर्चना-II के नेतृत्व में यह सफलता मिली।

अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अंकुश श्रीवास्तव के न्यायालय से संदर्भित मामले में मध्यस्थ अरविन्द कुमार पाण्डेय के प्रयासों से दोनों पक्ष वर्षों पुराने विवाद को समाप्त करने पर सहमत हो गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने लोगों से अपील किया कि न्यायालयी विवादों का त्वरित, कम खर्चीला और सौहार्दपूर्ण समाधान पाने के लिए अधिक से अधिक लोग मध्यस्थता केंद्र का लाभ उठाएं।

# कुकरा में मुख्य मार्ग पर टूटा स्लैब बना दुर्घटना का कारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुकरा (लखीमपुर खीरी)।** ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत कुकरा के मुख्य चौराहे से चमन चौराहे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले/नाली का पत्थर (स्लैब) पिछले 3 महीनों से टूटा पड़ा है। यह स्थान कब्रिस्तान के गेट के ठीक सामने स्थित है, जहां से रोजाना सैकड़ों राहगीरों और वाहनों की आवाजाही होती है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि इंटरलॉकिंग सड़क के बीचों-बीच स्लैब टूटकर पूरी तरह धंस गया है, जिससे एक बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया है। रात के अंधेरे में या बारिश के दौरान यह स्थान किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस संबंध में ग्राम प्रधान रहनुमा चौधरी को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है और वह पूरे मामले पर मौन साधे हुए हैं।

**मुख्य समस्याएं व खतरे:**

**हादसों का अंदेशा:** टूटे पत्थर की वजह से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के गिरने और चोटिल होने का खतरा लगातार बना हुआ है।

**गंदगी व जलभराव:** नाले का हिस्सा खुला होने के कारण उसमें कचरा जमा हो रहा है, जिससे दुर्गंध और बीमारियां फैलने का डर है।

**जनप्रतिनिधियों की उदासीनता:** स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (BDO) बांकेगंज और जिला प्रशासन से मांग की है कि समस्या का संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द नया स्लैब लगवाया जाए ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## प्रोजेक्ट पहचान पर कार्यशाला आयोजित

### शून्य से छह वर्ष के बच्चों की होगी स्क्रीनिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत मर्यादपुर स्थित पंचायत भवन पर सोमवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के ड्रीम प्रोजेक्ट 'प्रोजेक्ट पहचान' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान अब्दुल बाकी मलिक की अध्यक्षता व ग्राम पंचायत सचिव संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास, पंचायती राज, आंगनबाड़ी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन्म से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात विकृतियों एवं विकास संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका त्वरित उपचार सुनिश्चित कराना है, ताकि दिव्यांगता की स्थिति को रोका जा सके और प्रभावित बच्चों में किसी भी प्रकार की हीन भावना जागृत न हो। इस अभियान के तहत क्षेत्र की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर कुल 28 प्रकार की गंभीर बीमारियों के लक्षणों के आधार पर बच्चों की सघन स्क्रीनिंग करेंगी और चिन्हित बच्चों को पूरी तरह से निशुल्क इलाज दिलाने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगी, जिससे उनका एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव संजय पाण्डेय, ग्राम प्रधान अब्दुल बाकी मलिक, रोजगार सेवक अमित कुमार, उदयराज यादव, ट्रेनर एएनएम अंकिता चौधरी, सरिता, पंचायत सहायिका कविता सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऊषा साहनी, सोनिया, संगीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नलकूपों की स्थिति को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**मितौली खीरी।** जिले के कुछ सरकारी नलकूपों की स्थिति को लेकर ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने गंभीर सवाल उठाए हैं। बेहजम ब्लाक की ग्राम पंचायत टेडवा में बीजी 37 नलकूप में जेई आदर्श अवस्थी के द्वारा बराबर किया जा रहा भ्रष्टाचार मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत करने पर जेई अपने चहेते लोगों को बुला कर झूठे साइन कर कर निस्तारण दिखा देते हैं कहीं ग्राम प्रधान से उनके लेकर पैड पर लिखा कर कि कोई भी टैंक नहीं तोड़ी गई ग्राम प्रधान भी आदर्श अवस्थी। से मिल कर टैंक तोड़ने वाले को बचाने में महारथ हासिल कर रहे हैं शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई स्थानों पर नलकूपों से संबंधित टैंक और अन्य संरचनाएं मौके पर नहीं हैं, जबकि अभिलेखों में उनके संबंध में अलग स्थिति दर्शाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के निस्तारण में वास्तविक स्थिति का सही आकलन नहीं किया गया। उनका कहना है कि कई मामलों में कागजी कार्रवाई के आधार पर शिकायतों का निस्तारण दिखा दिया गया।

## लीलाकुआँ चौराहा या गुंडों का अड्डा?

लखीमपुर खीरी जिले के थाना फरधान क्षेत्र की लीलाकुआँ पुलिस चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित देसी शराब, अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानों के आसपास का नजारा शाम ढलते ही कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब की दुकानों के बाहर रोजाना बड़ी संख्या में शराबियों की भीड़ जमा होती है, जो सड़क किनारे ठेलों और होटलों पर बैठकर खुलेआम शराब पीते हैं। इसके बाद गाली-गलौज, हुड़दंग, मारपीट और राहगीरों से अभद्रता जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। सोमवार को स्थिति तब और चिंताजनक हो गई जब साप्ताहिक बाजार के दौरान एक वायरल वीडियो सामने आया, जिसमें तीन युवक मिलकर एक युवक को बीच चौराहे पर थप्पड़ों और लात-घूंसों से पीटते दिखाई दे रहे हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, यह सवाल और भी गंभीर हो जाता है कि पुलिस चौकी के इतने नजदीक दिनदहाड़े इस तरह की घटना कैसे हो गई? स्थानीय लोगों का कहना है कि लीलाकुआँ चौराहा अब आम नागरिकों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। महिलाओं, बुजुर्गों और बाजार आने वाले ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## रोवर तकनीक से होगा सटीक सीमांकन, भूमि विवादों पर लगेगी लगाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगराम।** प्रदेश सरकार भूमि संबंधी विवादों के त्वरित, पारदर्शी और सटीक निस्तारण के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। इसी क्रम में सोमवार को मोहनलालगंज तहसील के करोरवा गांव में राजस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्र सिंह दिलेर ने अत्याधुनिक रोवर तकनीक के माध्यम से भूमि सीमांकन का लाइव प्रदर्शन किया। गाटा संख्या-1187 में रोवर से हदबंदी कर किसानों और ग्रामीणों को नई प्रणाली की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह दिलेर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राजस्व विभाग में आधुनिक तकनीकों को तेजी से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वर्षों से लंबित भूमि विवादों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि रोवर तकनीक से पहले की तुलना में अधिक सटीक और विश्वसनीय सीमांकन होगा, जिससे किसानों को उनकी भूमि की वास्तविक सीमा का स्पष्ट निर्धारण मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि उपग्रह आधारित जीएनएसएस (GNSS) तकनीक से संचालित रोवर उपकरण कुछ सेंटीमीटर तक की सटीकता के साथ भूमि की पैमाइश करने में सक्षम है। इससे पड़ोसी खेतों की सीमाओं को लेकर होने वाले विवादों में कमी आएगी और किसानों को उनकी जमीन का प्रमाणिक रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों ने रोवर उपकरण से खेतों की पैमाइश कर पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि नई तकनीक लागू होने से सीमांकन के मामलों का निस्तारण पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से होगा तथा न्यायालयों में लंबित भूमि विवादों की संख्या भी घटेगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आकाश सिंह, तहसीलदार रितुराज शुक्ला, राजस्व निरीक्षक, कानूनगो, लेखपाल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल की 45 करोड़ की जमीन भी फर्जीवाड़े की भेंट, फर्जी पैन-आईडी से हुई थी रजिस्ट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के सिसेंडी में हाल ही में उजागर हुए भूमि फर्जीवाड़े के मामले के बाद वर्ष 2012-13 के पुराने जमीन घोटाले एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। सामने आए तथ्यों के अनुसार जालसाजों ने मध्य प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय श्यामाचरण शुक्ल की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि तक को नहीं छोड़ा। आरोप है कि फर्जी पैन कार्ड और फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाकर एक व्यक्ति को श्यामाचरण शुक्ल बताकर करीब 21 बीघा भूमि की रजिस्ट्री 2 अप्रैल 2012 को करा दी गई थी। वर्तमान में इस भूमि की कीमत करीब 45 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। जानकारी के अनुसार सिसेंडी स्थित उक्त भूमि की रजिस्ट्री तेनवा भादुड़ी (बलिया) निवासी राजेश कुमार भारद्वाज और राकेश कुमार भारद्वाज के नाम कराई गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस न तो फर्जी व्यक्ति तक पहुंच सकी और न ही खरीदारों की गिरफ्तारी हो सकी। बाद में 13 अक्टूबर 2013 को अंतिम रिपोर्ट लगाकर प्रकरण बंद कर दिया गया। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला होने के कारण तत्कालीन विधायक की शिकायत पर जांच कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद विवादित रजिस्ट्री निरस्त कर भूमि का नामांतरण वैध वारिसों के नाम दर्ज कर दिया गया। इसी अवधि में सुरेश कुमार के भाई सरोज कुमार की भूमि भी कथित रूप से इसी गिरोह द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेच दिए जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि फर्जी सरोज कुमार तैयार कर उनके नाम से पैन कार्ड और पहचान पत्र बनवाए गए। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर गाटा संख्या 1237 (रकबा 1.328 हेक्टेयर) समेत अन्य भूमि की रजिस्ट्री 2 मार्च 2013 को महज 25 लाख रुपये में राजेश कुमार भारद्वाज और राकेश कुमार भारद्वाज के नाम कर दी गई, जबकि उस समय भूमि की बाजार कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई गई थी। फर्जी पैन कार्ड सिसेंडी के पते पर प्राप्त भी कराया गया, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि दस्तावेज किसने प्राप्त किए थे।

## खजनी बार एसोसिएशन लगाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर।** समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए तहसील बार एसोसिएशन, खजनी के सौजन्य से 5 अगस्त 2026 (बुधवार) को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर तहसील परिसर में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगा, जिसमें अपोलो हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। साथ ही मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए जाएंगे।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों, वादकारियों तथा क्षेत्र के आम नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। ऐसे जनहितकारी आयोजन समाज के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं, तहसील कर्मचारियों, वादकारियों और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं तथा अपने परिजनों और परिचितों को भी इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम में खजनी के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) आनंद कटारिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकाधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

## कावड़ियों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया भव्य स्वागत



**मनकापुर गोण्डा:** गोंडा जिले के विधानसभा क्षेत्र गौरा का विकासखंड बभनजोत (गौरा चौकी चौराहा) पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल अपने सहयोगियों संग पहुंच कर सिद्धार्थनगर से पधारे शिव भक्तो (कांवरियों) पर पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया गया एवं उनके जलपान कराकर रवाना किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने कहा कि यह हमारे सनातन धर्म एवं संस्कृति का प्रतीक है। सच्चे मन से काँवड़ यात्रा करने से बाबा भोले नाथ की हमेशा कृपा बनी रहती है और बाबा भोलेनाथ अपने भक्तो की हर इच्छाए पूरी करते है साथ ही साथ बाबा भोले नाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी शिव भक्तो पर बाबा की कृपा बनी रहे और सभी के जीवन मे बाबा सुख समृद्धि प्रदान करे यही हमारी भोले नाथ से प्रार्थना है।

# छोटी काशी गोला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** पवित्र सावन मास के पावन अवसर पर छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ धाम के नीलकंठ मैदान में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सावन के प्रथम सोमवार के उपलक्ष्य में 'जय श्री श्याम दीवाने सेवा समिति' तथा 'श्री शिव सेवक दिल्ली, भंडारा पोषपत्री, गोला' के संयुक्त तत्त्वावधान में एक विशाल धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। ?कन्या पूजन और भोग के साथ हुआ शुभारंभ भंडारे की शुरुआत रविवार रात्रि 8:00 बजे धार्मिक विधि-विधान और पूजन-अर्चन के साथ हुई। सर्व प्रथम देवों के देव महादेव भोलेनाथ को दिव्य भोग लगाया गया, जिसके बाद कन्या भोज कराकर विशाल भंडारे का विधिवत शुभारंभ हुआ। ?हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद रविवार की रात से शुरू हुआ यह भंडारा सोमवार को प्रभु इच्छा तक निरंतर चलता रहा। नीलकंठ मैदान में उमड़े आस्था के महासमुंद में हजारों श्रद्धालुओं ने अनुशासित पंक्तियों में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हलवा, पूड़ी-सब्जी, छोले, कढ़ी-चावल और तहरी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे पाकर श्रद्धालु निहाल हो गए। सेवादारों ने पेश की मिसाल आयोजन को सफल बनाने में 'जय श्री श्याम दीवाने सेवा समिति' के पदाधिकारियों और समस्त सेवादारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सेवा भाव से ओत-प्रोत कार्यकर्ताओं ने पूरी रात और दिन निरंतर व्यवस्था संभाली और आने वाले शिवभक्तों की सेवा में जुटे रहे। पूरे आयोजन के दौरान नीलकंठ मैदान 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी समस्त सेवादार तमाम लोग मौजूद रहे।

# नोटिस के एक साल बाद भी धड़ल्ले से चल रहे अवैध अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में दर्जनों छोटे-बड़े क्लिनिक और अस्पताल स्वास्थ्य मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ संचालित हो रहे हैं। हैरत की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन अस्पतालों को नोटिस जारी किए करीब एक साल का समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की इस रहस्यमयी खामोशी और सुस्ती से स्थानीय निवासियों व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। ?ऋक्षद्ध कार्यकर्ता खोलेंगे राज, तैयार हुआ खाका ?मामले में अब सूचना अधिकार आंदोलन से जुड़े स्थानीय समर्थकों ने मोर्चा संभाल लिया है। आरटीआई कार्यकर्ताओं की इस पहल के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि पलिया रोड-दुबहा, छेदोई पतिया बम्भनपुर, तिकुनिया रोड और धौरहरा रोड के किनारों पर बिना किसी वैध लाइसेंस या तय मानकों के चल रहे अस्पतालों का पूरा सच सामने आ जाएगा। ?स्थानीय आरटीआई समूह के संयोजक ने बताया कि वे अगले सप्ताह एक विस्तृत आरटीआई आवेदन दाखिल करने जा रहे हैं। इसके जरिए:क्षेत्र में संचालित सभी क्लीनिकों व अस्पतालों की आधिकारिक सूची। पिछले वर्ष जारी किए गए नोटिसों की प्रमाणित प्रतियों। नोटिस के बाद की गई फॉलो-अप निरीक्षण रिपोर्ट। दोषी पाए गए अस्पतालों पर की गई सीलिंग, जुर्माना या लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई का ब्योरा मांगा जाएगा। संयोजक का कहना है, 'आरटीआई के जवाब से साफ हो जाएगा कि विभाग ने असल में कितनी कार्रवाई की है। यदि जवाब में लीपापोती की गई, तो हम जनहित याचिका दाखिल कर निष्पक्ष और खुली जांच की मांग करेंगे। ?कागजों तक सीमित रही विभागीय कार्रवाई ! पलिया रोड के स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों के अनुसार, पिछले साल सीएचसी प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन, डॉक्टरों की अयोग्यता, घटिया जन स्वास्थ्य मानकों और अवैध औषधि भंडारण की शिकायतों पर कई क्लिनिकों को नोटिस थमाए थे। लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी न तो किसी क्लिनिक को सील किया गया और न ही किसी पर जुर्माना लगा। ?नाम न छापने की शर्त पर क्षेत्र के एक डॉक्टर ने बताया: कागज पर नोटिस जारी करना बेहद आसान है, लेकिन असली कार्रवाई के लिए लगातार निगरानी और प्रशासनिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है – जो यहां पूरी तरह नदारद दिखती है। ?मरीजों की जान से खिलवाड़, झोलाछापों का बोलबाला ?निघासन क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने भी इस स्थिति पर गहरी चिंता जाहिर की है। क्षेत्र की एक एएनएम ने बताया कि गैर-मानक और अनधिकृत क्लीनिकों के कारण ग्रामीण इलाकों के सीधे-साधे मरीजों को गलत दवाएं, गलत इलाज और भारी वित्तीय शोषण का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर फर्जी नाम, फर्जी सर्टिफिकेट और अधूरी सुविधाओं के दम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

# 75 जिलों में कल होगा डेयरी कॉन्क्लेव

**प्रदेश सरकार का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों और दुग्ध समितियों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ वैज्ञानिक पशुपालन और आधुनिक डेयरी प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी और रोजगारपरक बनाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। अपर मुय सचिव (दुग्ध एवं पशुधन) मुकेश कुमार मेश्राम तथा दुग्ध आयुत धनलक्ष्मी के. के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस कॉन्लेव का मुय कार्यक्रम मुयालय से वेब लिंक के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारित किया जाएगा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, आधुनिक डेयरी तकनीकों के प्रचार-प्रसार और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 05 अगस्त, 2026 को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ जिला स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम दुग्धशाला विकास विभाग और पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों और दुग्ध समितियों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ वैज्ञानिक पशुपालन और आधुनिक डेयरी प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी और रोजगारपरक बनाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव (दुग्ध एवं पशुधन) मुकेश कुमार मेश्राम तथा दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस कॉन्क्लेव का मुख्य कार्यक्रम मुख्यालय से वेब लिंक के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारित किया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में संबंधित मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में होगा, जबकि उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। कॉन्क्लेव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों, दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, दुग्ध समितियों तथा डेयरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मुख्य अतिथि के स्वागत से होगा। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक मुख्यालय से विशेषज्ञों के संबोधन और तकनीकी सत्र का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ आधुनिक डेयरी प्रबंधन, नंद बाबा दुग्ध मिशन, दुग्ध नीति-2022 के अंतर्गत व्यावसायिक डेयरी प्रसंस्करण, संतुलित चारा प्रबंधन, पशु रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं टीकाकरण सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक पशुपालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों तथा आय में वृद्धि के उपायों पर किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति एवं अनुमति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में डेयरी उद्योग को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, दुग्धशाला विकास विभाग और पशुपालन विभाग के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक पात्र किसानों और पशुपालकों की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। दुग्धशाला विकास विभाग ने प्रदेश के सभी दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, दुग्ध समितियों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े नागरिकों से अपील की है कि वे 05 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर आधुनिक डेयरी तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय और आजीविका को सुदृढ़ बनाएं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर चहलारी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में सावन मास में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार देर रात करीब 9:30 बजे डीएम डॉ. राजागणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल ने बिसवां तहसील स्थित चहलारी घाट का निरीक्षण किया। सुरक्षा और सुविधाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। घाट पर सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, गोताखोरों की तैनाती, पुलिस बल की उपलब्धता और श्रद्धालुओं की आवाजाही की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने नदी किनारे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान और पूजा-अर्चना की सुविधा उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सावन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासनिक टीमों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए निरीक्षण के अंत में डीएम और एसपी ने अधिकारियों से कहा कि चहलारी घाट पर लगातार निगरानी रखी जाए। किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के लिए सभी संसाधन और कर्मियों को पूरी तरह तैयार रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की कमी न रहे!!

# हाईटेंशन लाइन से टकराया डीजे, दो की मौत; चार झुलसे



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे कांवड़ यात्रा के लिए लोगों को जागरूक करने निकली एक टीम दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। राजापुर गांव के पास हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में डीजे वाहन आ जाने से उसमें करंट उतर गया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्राम चेद्दापुरवा निवासी गुड्डू यादव और ग्राम धौरा निवासी संतोष यादव डीजे वाहन की छत पर बैठकर कांवड़ यात्रा को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। राजापुर गांव के पास पहुंचते ही वाहन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। इसके चलते पूरे वाहन में करंट फैल गया और छत पर बैठे युवक इसकी चपेट में आ गए हादसे में गुड्डू यादव और संतोष यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलते ही थानगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रेउसा अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू करा दी है। वहीं, इस दर्दनाक घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि डीजे वाहन हाईटेंशन लाइन की चपेट में कैसे आया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है!!

# नगर निगम का अभियान, अतिक्रमण हटाया; प्लास्टिक पर कार्रवाई




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण, यातायात बाधाओं और स्वच्छता संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को व्यापक प्रवर्तन एवं स्वच्छता अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया तथा गंदगी फैलाने वालों और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाना, यातायात व्यवस्था को बेहतर करना और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके तहत नगर निगम की अलग-अलग टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर कार्रवाई की। जोन-2 में चला विशेष सफाई अभियान, 20 हजार रुपये जुर्माना वसूला जोन-2 में जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा और देवेन्द्र कुमार वर्मा सहित नगर निगम की टीम शामिल रही। नगर निगम की टीम ने सी-ब्लॉक राजाजीपुरम, बड़ा इमामबाड़ा, रामनगर कॉलोनी, कन्वेंशन सेंटर के आसपास, नंदाखेड़ा, कर्बला मार्ग, बी-ब्लॉक राजाजीपुरम, तालकटोरा मार्ग और पाण्डेय का तालाब कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों से कूड़ा उठाने, गंदगी हटाने और मच्छरों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया। नगर निगम टीम ने तुलसीदास मार्ग क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो चालान किए और 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। वहीं, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर भी कार्रवाई की गई। प्लास्टिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ दो चालान काटकर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार जोन-2 में कुल 20 हजार रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। जोन-4 में जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नगर निगम प्रवर्तन दल-296 और कर अधीक्षक राज कमल नारायण की निगरानी में मिठाई वाला चौराहा से पीएनबी बैंक, मनोज पाण्डेय चौराहा से सेंट जोसेफ अस्पताल और मनोज पाण्डेय चौराहा से देवा प्लाजा तक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। दुकानों के बाहर लगाए गए अवैध सामान और यातायात में बाधा बनने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई गई। इससे क्षेत्र में यातायात संचालन को सुगम बनाने में मदद मिली। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं से 24,500 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सावन के पहले सोमवार नैमिषारण्य पहुंचे आईजी कांवड़ियों के साथ मंदिरों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में सावन माह के प्रथम सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए लखनऊ जोन आईजी किरण एस एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे नैमिषारण्य पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया आईजी ने देवदेवेश्वर महादेव मंदिर, देवदेवेश्वर घाट, चक्रतीर्थ और शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण की शुरुआत देवदेवेश्वर महादेव मंदिर और देवदेवेश्वर घाट से हुई। यहां आईजी किरण एस ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल और थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा के साथ घाटों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस ड्यूटी रोस्टर का अवलोकन करते हुए विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद आईजी और एसपी चक्रतीर्थ पहुंचे, जहां पुजारी राजनारायण पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका पूजन-अर्चन कराया।

# शारदा-घाघरा उफान पर, 20 गांवों पर बाढ़ का खतरा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में बैराजों से छोड़े गए करीब तीन लाख क्यूसेक पानी का असर सीतापुर में लगातार चौथे दिन भी देखने को मिल रहा है। शारदा और घाघरा नदियों के जलस्तर में लगातार 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है हालांकि दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं, लेकिन तटवर्ती क्षेत्रों में हालात धीरे-धीरे गंभीर होने लगे हैं। करीब 150 बीघा कृषि योग्य भूमि जलमग्न होने लगी है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों को अलर्ट मोड पर रखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। रामपुर मथुरा और रेउसा विकासखंड क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने का सबसे अधिक प्रभाव दिखाई दे रहा है नगेश्वरपुरवा और बचऊपुरवा गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। लोगों को आने-जाने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं रेउसा क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। नदियों की तेज कटान जारी उधर, बेहटा विकासखंड के ग्राम खाना मंडोर क्षेत्र में नदियों की तेज कटान जारी है। नदी का बढ़ता पानी गन्ने और धान की फसलों तक पहुंचने लगा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सता रही है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। एसडीएम लहरपुर दामिनी एम. दास ने बताया कि कटान प्रभावित स्थानों पर सिंचाई विभाग की टीमों को लगाया गया है। बालू से भरी बोरियों और जियो बैग के माध्यम से कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं, जिससे तत्काल बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लेखपालों की क्लस्टरवार ड्यूटी लगाकर जलस्तर की लगातार निगरानी कराई जा रही है!!

# ऐतिहासिक आयोजन में 2,100 महिलाएं बनाएंगी विश्व रिकॉर्ड

**'घर-घर हरियाली' कार्यक्रम 16 अगस्त को लखनऊ में, महिला शक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 3 अगस्त महिला सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक भव्य आयोजन 16 अगस्त 2026 को लखनऊ के के.डी. सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। 'घर-घर हरियाली' नामक इस कार्यक्रम में 2,100 महिलाएं एक मंच पर एकत्र होकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि सभी प्रतिभागी पारंपरिक पीली साड़ी में उपस्थित होंगी। प्रत्येक महिला के हाथ में एक ओर तुलसी का पौधा और दूसरी ओर प्रज्वलित दीपक होगा। तुलसी पौधा हरियाली, स्वास्थ्य एवं प्रकृति संरक्षण का प्रतीक बनेगा, जबकि दीपक भारतीय संस्कृति, सकारात्मकता और जागरूकता का संदेश देगा। आयोजकों के अनुसार 'घर-घर हरियाली' केवल एक रिकॉर्ड बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने की पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पौधारोपण, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व प्रसिद्ध समाज सेविका एवं महिला सशक्तिकरण की अग्रणी हस्ती पुनीता भटनागर कर रही हैं। पिछले 45 वर्षों से महिलाओं और कारीगरों के उत्थान के लिए कार्यरत भटनागर ने हजारों महिलाओं को हस्तशिल्प प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है। उनके प्रयासों से 20 हजार से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ चुकी हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों तथा आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। आयोजकों का मानना है कि यह आयोजन महिला एकता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को नई ऊंचाई देगा। पुनीता भटनागर ने कहा कि 'घर-घर हरियाली' अभियान का उद्देश्य केवल विश्व रिकॉर्ड स्थापित करना नहीं, बल्कि हर परिवार को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस मुहिम में शामिल होकर हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया। आयोजकों को विश्वास है कि 2,100 महिलाओं की सामूहिक भागीदारी वाला यह आयोजन महिला शक्ति, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण जागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देगा।

## ईवीएम तुरंत बंद हो, बैलेट पेपर से हो चुनाव - भारतीय जन समाज पार्टी की सरकार को कड़ी चेतावनी

**बिकापुर, अयोध्या।** भारतीय जन समाज पार्टी ने आज केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए मांग की कि देश में लोकतंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम को तुरंत बंद किया जाए और आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने कहा: 'जिस मशीन पर देश की जनता को भरोसा नहीं, उस मशीन से देश का भविष्य तय नहीं हो सकता। अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड जैसे देश ईवीएम को खारिज कर चुके हैं। फिर भारत में इसे थोपने का क्या कारण है? हम सरकार को चेतावनी देते हैं-ईवीएम पूरी तरह बंद हो। अन्यथा देश की जनता का चुनाव प्रणाली से भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा पारदर्शिता है। बैलेट पेपर ही एकमात्र ऐसा तरीका है जिसमें वोटर खुद अपनी पर्ची देख सकता है और गिनती सबके सामने होती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। चाहे कोई भी संगठन हो, पंजीकृत हो या न हो, संविधान और कानून के दायरे में रहकर ही काम करना होगा। साफ-सुथरी छवि और साफ-सुथरा चुनाव भारतीय जन समाज पार्टी का मूल सिद्धांत है। 1. ईवीएम को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। 2. 2027 के सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं।

# पेट्रोल पंप पर डायल-112 टीम से भिड़े दो युवक पूछताछ के दौरान हाथापाई, सीसीटीवी आया सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र में गोपालपुर भट्ठे चौराहे स्थित एक पेट्रोल पंप पर डायल-112 पुलिस टीम और कार सवार दो युवकों के बीच हुई नोकझोंक व हाथापाई का सीसीटीवी वीडियो सोमवार सुबह सामने आया। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे इलाके में इसकी चर्चा तेज हो गई है जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात एक कार पेट्रोल भरवाने के लिए गोपालपुर भट्ठे चौराहे स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची थी। उसी समय क्षेत्र में गश्त कर रही डायल-112 पुलिस टीम भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने कार सवार युवकों को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ शुरू की और वाहन की तलाशी ली इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और हाथापाई में बदल गई।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना**

**पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। सामने आए वीडियो में पुलिसकर्मियों और युवकों के बीच धका-मुकी और तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।**

**पुलिस का दावा- नशे में थे दोनों युवक**

**थाना प्रभारी मानपाल सिंह ने बताया कि डायल-112 टीम नियमित गश्त पर थी और संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी। पूछताछ के दौरान कार सवार दोनों युवक कथित रूप से शराब के नशे में थे आरोप है कि उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की और हाथापाई करने लगे।**

**दोनों युवकों का चालान**

**पुलिस ने मौके से दीपू निवासी लक्ष्मणपुर, थाना संदना और मंजीत निवासी दिल्ली को हिरासत में ले लिया। दोनों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 151 के तहत चालान कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है!!**

# मंदिर में शिवलिंग खंडित होने पर हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में रविवार शाम करीब 7 बजे मंदिर में शिवलिंग खंडित होने से हंगामा हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच गए और नाराजगी जताने लगे। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एक युवक को हिरासत में लिया। पुलिस जंगल में फेंके गए शिवलिंग की तलाश कर रही है शिवलिंग तोड़कर जंगल में फेंकने का आरोप स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार शाम शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग खंडित मिला। लोगों का आरोप है कि मोहल्ले के निवासी दिलीप कश्यप ने छेनी और हथौड़ी से शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किया। उसे जंगल में फेंक दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए लोगों का कहना है कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग वर्ष 2003 में तत्कालीन डीएम के प्रयास से स्थापित कराया गया था तब से क्षेत्र के श्रद्धालु नियमित रूप से यहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

**आवश्यक सूचना**

मैं, कविता श्रीवास्तवा, पुत्री श्री इंद्र मणि लाल, निवासी ग्राम मन्नी जोत, पोस्ट मददो बाजार, थाना खोड़ारे, जनपद गोण्डा, सूचित करती हूँ कि दिनांक 05/07/2026 को अपने घर से ऑनलाइन कार्य हेतु गौरा चौकी बाजार जाते समय रास्ते में मेरा सत्र 2022–23,पोस्ट बी.एससी. नर्सिंग द्वितीय वर्ष का अंकपत्र (अनुक्रमांक 4400670021003),एनरोलमेंटनंबर(PBBN006722B035) कहीं गिरकर खो गया है।

**आवश्यक सूचना**

साई इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ कॉलेज लोहंदी कला, साई धाम, मीरजापुर मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध – B. A.LL.B. पंचवर्षीय एवं LL.B. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत विधि प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य की यू.जी. सी एवं बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी प्रमाण पत्रों के छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, प्रमाणित विज्ञापन तिथि के 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

सम्पर्क सूत्र-:
9918311113, 8299472399
Email - saitrust.mirzapur@gmail.Com

# संपादकीय

## अब हवाई 'नाका'

भारत के संप्रभु राष्ट्र बनने के बाद से ही पाकिस्तान देश व भारतीय समाज को क्षति पहुंचाने के तमाम षड्यंत्र रचता और उन्हें अंजाम देने की हर कोशिश करता रहा है। शक्तिशाली सेना का मुकाबला न कर पाने पर वह छद्म युद्ध, आतंकवाद व नशे के जरिये भारत को चोट पहुंचाने की साजिश करता है। जब से पाक से लगती सीमा पर कड़ी सुरक्षा बढ़ी और पाक के संस्थागत सहयोग से सक्रिय तस्करों की आवाजाही बाधित हुई, उसने तकनीक व ड्रोन की मदद से नशे, नकली करेंसी व हथियार भेजने की साजिश को अंजाम देने शुरू किया। ड्रोन के जरिये लगातार नशे-हथियारों की तस्करी से पैदा खतरे के मद्देनजर, पाक सीमा से ड्रग्स व हथियार लाने वाले ड्रोनों को रोकने के लिये पंजाब में नई पहल हुई है। हवाई चेक प्वाइंट या 'हवाई नाके, लगाने का यह फैसला,सुरक्षा के बदलते खतरे से निपटने का एक नया और असरदार तरीका साबित हो सकता है। निस्संदेह, तस्करी करने वाले अपराधी गिरोहों ने, कानून लागू करने वाली एजेंसियों से ज्यादा तेजी से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया है। पाक द्वारा संस्थागत रूप से पोषित तस्करों की जगह जीपीएस-निर्देशित ड्रोनों का इस्तेमाल शुरू किया गया। ये ड्रोन भारतीय सीमा में निर्धारित जगहों में बहुत भीतर तक हेरोइन, हथियार और गोला-बारूद गिराने में सक्षम हैं। आसमान में उड़ने वाले दुश्मन के खिलाफ सामान्य चेक प्वाइंट कुछ नहीं कर पाते। यह सुरक्षा एजेंसियों व पुलिस के लिये बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि आज पंजाब ड्रोन के जरिये होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी का मुख्य केंद्र बन गया है। देश में ज्यादातर ड्रोन तस्करी की घटनाएं पाक से लगते पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हुई हैं। दरअसल, ड्रग्स का कारोबार अब सिर्फ कानून-व्यवस्था की समस्या मात्र नहीं रह गया। आज यह सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। जिसके प्रकोप से असंख्य परिवार बर्बाद हो गए हैं। यह एक बड़ी हकीकत है कि नशे का कारोबार राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये भी एक बड़ा खतरा है। वास्तव में नशा तस्कर इन्हीं रास्तों का प्रयोग राष्ट्रविरोधी ताकतों को हथियार पहुंचाने और आतंकी नेटवर्क को फंडिग के लिये करते हैं। दरअसल, हवाई नाके का विचार, सिर्फ आपराधिक घटना के बाद होने वाली पुलिस कार्रवाई से हटकर, अपराध के होने से पहले होने वाली पुलिस कार्रवाई होगी। निश्चय ही यह स्वागत योग्य बदलाव है। अब सुरक्षा एजेंसियों व पुलिस की कोशिश होगी कि ड्रग्स की खेप जमीन पर पहुंचाने के बाद उसे बरामद करने के प्रयास करने की बजाय, पहले ही ड्रोनों की निगरानी की जाए। जिससे समय रहते ड्रोनों का पता लगाकर, उनके उड़ने के रास्ते को ट्रैक किया जा सके। साथ ही सामान गिराने की जगहों की पहचान के बाद नशीले पदार्थों व हथियारों की आपूर्ति करने के लिये इंतजार कर रहे स्थानीय लोगों को पकड़ा जा सके। सही मायने में खुफिया जानकारी,एंटी-ड्रोन सिस्टम तथा पंजाब पुलिस, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स व केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ यह रणनीति तस्करों पर शिकंजा कसने में मददगार साबित हो सकती है। यह भी हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाले गिरोह अपना नेटवर्क समय के साथ नई तकनीकों के जरिये बदलते रहते हैं। जिसके लिये वे बड़े ड्रोन, एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन और लगातार बदलती रणनीतियों का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए नई तकनीक के साथ-साथ लगातार खुफिया जानकारी जुटाने तथा तस्करी करने वाले गिरोहों को खत्म करने के लिये निरंतर मजबूत फाइनेंशियल जांच जरूरी है। इसके अलावा इनके मददगार लोगों पर तेजी से कानूनी कार्रवाई करना भी जरूरी है। कोशिश हो कि नशे के खिलाफ अभियान में नागरिकों की सक्रिय भूमिका हो। इसके लिये सामाजिक स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रम चलाकर नशे के विरुद्ध अभियान चलाना भी जरूरी है। जिसके तहत नशा छुड़ाने, नशा छोड़ने वालों का पुनर्वास करने तथा जागरूकता के लिये असरदार कार्यक्रम चलाने की भी जरूरत है। सही मायने में यदि 'हवाई नाकों' को पर्याप्त संसाधनों के साथ अमली-जामा पहनाया जाए, तो निश्चित तौर पर ये सीमा पार से होने वाली नशे की तस्करी पर अंकुश लगा सकते हैं।

## हुमा का नया मुकाम प्त वेब सीरीज



अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने वेब सीरीज के इस दौर में अपना अच्छा मुकाम बना लिया है। इससे पहले उन्होंने कई फिल्मों में भूमिकाएं निभाई, लेकिन उम्मीद के मुताबिक कामयाबी नहीं मिली। बड़ी हिट फिल्मों का लाभ भी उन्हें नहीं मिला। इन दिनों हुमा वेब सीरीज 'महारानी' के नए सीजन में व्यस्त हैं। दरअसल 'मिथ्या' व 'महारानी' से उन्हें नई पहचान मिली है। अभिनेत्री हुमा कुरैशी की उपलब्धियों का आकाश अन्य अभिनेत्रियों की तुलना में छोटा नहीं है। फिर भी न जाने क्यों अन्य तारिकाओं की तुलना में उन्हें बेवजह पीछे रखने का प्रयास किया जाता है। इन दिनों वे वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन को लेकर मशगूल हैं। चर्चाएं हैं कि 40 की उम्र में वह एक्टिंग कोच रचित सिंह के साथ जल्द ही शादी रचाने जा रही हैं।गत कुछ माह में 'एलएलबी-3' और 'बेबी डू, डाई डू' का नाम रहा है। ये दोनों ही फिल्में दर्शकों को पसंद नहीं आई। अब उनकी सारी उम्मीदें साउथ के दिग्गज नायक यश के साथ की फिल्म 'टॉक्सिक' पर हैं। इसमें उनके साथ कियारा आडवाणी, नयनतारा व दो और हीरोइनें भी हैं। उनकी दो फिल्में 'पूजा मेरी जान' और 'गुलाबी' बनकर प्रदर्शन का इंतजार कर रही हैं। वह विभिन्न चैनलों में भी अपने शो को लेकर व्यस्त हैं। हुमा कुरैशी वेब सीरीज को लेकर कुछ ज्यादा ही गंभीर हैं। वैसे भी फिल्मों के छोटे-छोटे रोल ने उन्हें कुछ ज्यादा अपसेट किया है। 'बेलबॉटम' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी बड़ी फिल्मों का लाभ भी उन्हें कुछ खास नहीं मिला। शायद इसीलिए हाल ही में दो बड़ी फिल्मों का सम्मोहन त्याग कर उन्होंने एक वेब सीरीज की शूटिंग को ज्यादा प्राथमिकता दी। असल में 'महारानी' के बाद 'मिथ्या' वेब सीरीज की वजह से भी उनकी इस सोच में बड़ा बदलाव आया था।हुमा इंकार करती हैं कि फिल्में ज्यादा न करने की वजह से उनकी व्यस्तता कम हुई। क्योंकि वेब सीरीज के इस दौर में उन्होंने अच्छा मुकाम बना लिया है। वह कहती हैं, 'एक वेब सीरीज की शूटिंग कम से कम एक साल में पूरी होती है। यदि 'महारानी' जैसी हिट सीरीज हो तो अगले सीजन की प्लानिंग में भी बहुत सारा वक्त खर्च हो जाता है।

# बृजभूषण शरण सिंह को अदालत से राहत, यूपी की राजनीति में नए समीकरणों की चर्चा



करीब तीन वर्षों तक देश की राजनीति, खेल जगत और मीडिया में चर्चा का विषय रहे पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत से बड़ी राहत मिली है। महिला पहलवानों द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उन्हें तथा तत्कालीन महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर को आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले के बाद कानूनी, राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर नई बहस शुरू हो गई है। यह मामला अप्रैल 2023 में उस समय सामने आया था, जब छह महिला पहलवानों की शिकायत पर दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके साथ ही एक नाबालिग की शिकायत पर पॉक्सो अधिनियम के तहत अलग मामला भी दर्ज किया गया। जून 2023 में दिल्ली पुलिस ने लगभग 1500 पृष्ठों की आरोप पत्र अदालत में दाखिल की, जिसमें चार राज्यों के 22 गवाहों के बयान शामिल थे। बाद में नाबालिग शिकायतकर्ता और उसके पिता ने अपने आरोप वापस ले लिए, जिसके बाद मई 2025 में अदालत ने पॉक्सो से संबंधित मामला समाप्त कर दिया। मई 2024 में अदालत ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध आरोप तय किए। मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 32 गवाह पेश किए। बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि शिकायतकर्ताओं के बयानों में समय, स्थान और घटनाओं को लेकर कई विरोधाभास हैं तथा कुछ आरोपों के समय आरोपी घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं थे। साथ ही शिकायत दर्ज कराने में कई वर्षों की देरी का मुद्दा भी उठाया गया। दूसरी ओर, अभियोजन पक्ष ने अदालत में कहा कि पीड़िताओं के बयान लगातार एक जैसे रहे और अन्य गवाहों ने भी उनका समर्थन किया। शिकायतकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने यह भी दलील दी कि खेल संघ के शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति के प्रभाव और शक्ति के असंतुलन के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी होना असामान्य नहीं है। हालांकि सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत के निर्णय के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि उन्हें शुरू से ही न्यायपालिका पर विश्वास था। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सिद्ध होते तो वह स्वयं कठोरतम दंड स्वीकार करने को तैयार थे, लेकिन अदालत ने तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया है। वहीं सरकारी पक्ष ने कहा है कि विस्तृत निर्णय का अध्ययन करने के बाद आवश्यकता पड़ने पर आगे की कानूनी कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। इस फैसले के बाद राजनीतिक हलकों में इसके संभावित प्रभावों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला पहलवानों के आंदोलन और आरोपों के कारण भाजपा विपक्ष के निशाने पर रही थी। उस समय पार्टी ने कैसरगंज लोकसभा सीट से बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया था। अब अदालत से राहत मिलने के बाद राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले यह फैसला भाजपा के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त का कारण बन सकता है। हालांकि इसके वास्तविक चुनावी प्रभाव का आकलन चुनावी परिस्थितियों और मतदाताओं के रुझान पर ही निर्भर करेगा। बृजभूषण शरण सिंह का राजनीतिक प्रभाव लंबे समय से देवीपाटन मंडल और अवध क्षेत्र के कई जिलों में माना जाता है। गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा आसपास के क्षेत्रों में उनकी सक्रिय राजनीतिक एवं सामाजिक उपस्थिति रही है। उनके समर्थकों का मानना है कि अदालत के फैसले से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आएगा, जबकि राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इन क्षेत्रों में भाजपा की रणनीति पर इसका कुछ प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि यदि बृजभूषण शरण सिंह की राजनीतिक सक्रियता पहले की तरह बढ़ती है, तो विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन और क्षेत्रीय संगठन में उनकी राय का महत्व बढ़ सकता है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व के सामने विभिन्न स्थानीय नेताओं के बीच संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी हो सकती है। हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई थी, क्योंकि उनके विधायक पुत्र प्रतीक भूषण सिंह को मंत्री नहीं बनाया गया था। अदालत से राहत मिलने के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि भविष्य में उनके परिवार की राजनीतिक भूमिका और मजबूत हो सकती है। हालांकि भाजपा की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान या संकेत नहीं दिया गया है। दिल्ली की अदालत का यह फैसला एक चर्चित आपराधिक मुकदमे का कानूनी निष्कर्ष है। इसके साथ ही इस निर्णय के संभावित राजनीतिक प्रभावों को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों और विश्लेषकों के अपने-अपने आकलन सामने आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस फैसले का राजनीतिक परिदृश्य पर वास्तविक प्रभाव कितना पड़ता है।

# विदेश नीति पर गहन विचार मंथन का वक्त



प्रधानमंत्री मोदी 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दुनिया के कुछ सबसे ताकतवर नेताओं का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं-इसके तहत वे न सिर्फ़ घरेलू स्तर पर ज़ेन ज़ी के विरोध-प्रदर्शनों से बढ़ा तनाव कम करने के लिए इंस्टाग्राम पर युवाओं को सीधे संबोधित करती सेल्फ़ी रील्स पोस्ट करने, संसद में रिकॉर्ड समय में पेपर लीक विरोधी कानून पास करने या फिर प्रदर्शनकारियों पर दर्ज केस वापस लेने जैसी व्यक्तिगत कोशिशें कर रहे हैं -बल्कि धारा के विपरीत खड़े होकर उन लोगों को भी नई दिल्ली बुलाने को इच्छुक हैं, जिन्हें अमेरिका ने वर्जित बना दिया है। इनमें से एक व्यक्ति हैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन। उनके देश के ख़िलाफ़ अमेरिकी सीनेट ने पिछले हफ़्ते भारी बहुमत (86-12 वोट) से 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एक्ट ऑफ़ 2026' पास किया है। इसके तहत, जो भी देश रूस से ऊर्जा या सैन्य उपकरण खरीदते हैं, उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। रशिया एक्ट में पुतिन और रूसी रक्षा उद्योग से जुड़े 20 अन्य बड़े लोगों पर भी नए प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है।सर्वप्रथम, कुछ उघड़े तथ्य। चीन, भारत और तुर्किए रूसी ऊर्जा के चोटी के पांच खरीदारों में शामिल हैं। अमेरिका के साथ रक्षा तंत्र संधि के बावजूद - जिसमें ज़मीन, समुद्र, हवा, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस जैसे सभी क्षेत्रों में 'आपसी तालमेल' को मज़बूत करने का वादा किया गया है - भारत रूसी हथियारों का एक अहम खरीदार बना हुआ है। अमेरिकी संसद के अनुसार, 2008 से लेकर भारत के रक्षा आयात का 59 फीसदी रूस से, 12 प्रतिशत फ्रांस से, 10 फीसदी अमेरिका से और 9.5 फीसदी इस्राइल से आया है।रूसी उपकरणों में से सिर्फ़ दो-एस 400 मिसाइल सिस्टम और ब्रह्मोस मिसाइल - ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के ख़िलाफ़ पलड़ा भारी करने में अहम भूमिका निभाई थी। (यह अलग बात है कि डोनाल्ड ट्रंप दावा करते हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष उनकी मध्यस्थता से रुका, लेकिन भारत इस बात से पुरजोर इनकार करता है।) जहां तक रूसी ऊर्जा की खरीद की बात है, वास्तविक समय में वैश्विक डेटा और विश्लेषण मुहैया करवाने वाली कंपनी 'कप्लेर' का कहना है कि मार्च-जून 2026 के दौरान रूस से भारत की कच्चे तेल की खरीद 20 लाख बैरल प्रति दिन से अधिक रही और अब यह 30 लाख बैरल प्रति दिन तक पहुंचने की राह पर है। (इस अवधि में, भारत ने रूस से 244.89 मिलियन बैरल, यूएई से 58.57 मिलियन बैरल और सऊदी अरब से 57.62 मिलियन बैरल तेल खरीदा।) इसका अर्थ है कि भारत की वर्तमान ऊर्जा आपूर्ति का 50 फीसदी भाग रूस से पूरा होता है, जो बहुत बड़ी बात है। साफ़ है कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने और अमेरिका-ईरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के कारण लाल सागर में भी तनाव कम न होने की वजह से, भारत को सस्ता रूसी तेल फिर से खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ा है। ऐसा तब हो रहा है जब भारत पहले यह वादा कर चुका है कि आसन्न अमेरिकी टैरिफ के खतरे के मद्देनज़र वह इस निर्भरता को खत्म कर देगा। सवाल यह है कि क्या हाल ही में पास हुए 'रूस एक्ट' के तहत अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए भारत इस सारे फायदे को छोड़ देगा? साफ़ है, इसका जवाब 'नहीं' है। गरीबी और बेरोज़गारी जैसी बुराइयों को दूर रखने और अर्थव्यवस्था को सुचारु चलाते रहने के लिए भारत को सस्ते रूसी कच्चे तेल की ज़रूरत है। यह समझने के लिए किसी विशेषज्ञता की ज़रूरत नहीं कि जेन ज़ी (नई पीढ़ी) के विरोध प्रदर्शन सिर्फ़ नीट पेपर लीक की वजह से नहीं हुए, बल्कि बढ़ती कीमतों व नौकरियों की कमी को लेकर तेज़ी से बढ़ती निराशा की वजह से भी हुए हैं। विदेश नीति और राष्ट्रीय हित पर मौजूदा विमर्श के साथ समस्या यह है कि असल में कोई विमर्श हो ही नहीं रहा। दिल्ली के नीति-नियंता वर्ग में आलोचना को लेकर दो चीज़ों पर अहंकारपूर्ण रवैया है - पहली, राज्यों से आने वाली राय को बहुत 'संकुचित' या 'प्रांतीय' माना जाता है- साफ़ है कि हम बृहद परिदृश्य को ठीक से नहीं समझ पा रहे हैं। तो इसलिए चाहे पंजाब और गुजरात से अमेरिका गए अवैध प्रवासियों को ज़ंजीरों में जकड़कर वापस भेजने का दर्द हो; या केंद्र का करतारपुर साहिब कॉरिडोर न खोलने का फ़ैसला; या म्यांमार के सैनिकों का सीमा पार करके मिज़ोरम में पनाह लेना; या सिक्किम की चीन के साथ सीमापारीय व्यापार शुरू करने की ज़रूरत; या फिर नेपाल की तराई के साथ 'रोटी-बेटी' का रिश्ता जारी न रह पाने पर बिहार की नाराज़गी हो- भारत के राज्यों और उनके पड़ोस से जुड़े ये सभी मुद्दे अहम तो माने जाते हैं, लेकिन इतने भी नहीं कि विदेश नीति पर असर डाल सकें।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांटः गंभीर रत रोगों के उपचार की प्रभावी तकनीक, जानिए प्रक्रिया और खर्च



बोन मैरो ट्रांसप्लांट (अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण) आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से रक्त बनाने वाली रोगग्रस्त कोशिकाओं की जगह स्वस्थ स्टेम कोशिकाएँ प्रत्यारोपित की जाती हैं। ये कोशिकाएँ या तो किसी डोनर से ली जाती हैं या फिर मरीज के अपने शरीर से प्राप्त की जाती हैं। रक्त और अस्थि मज्जा से जुड़ी कई गंभीर बीमारियों के उपचार में यह तकनीक प्रभावी मानी जाती है। हड्डियों के भीतर मौजूद स्पंज जैसी संरचना को बोन मैरो कहा जाता है। इसका प्रमुख कार्य लाल रक्त कोशिकाएँ, सफेद रक्त कोशिकाएँ और प्लेटलेट्स बनाना है। जब किसी कारणवश यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है, तो शरीर में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे मामलों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट मरीज के लिए जीवनरक्षक उपचार साबित हो सकता है।

**क्या है बोन मैरो ट्रांसप्लांट ?**

मानव शरीर में रक्त कोशिकाएँ लगातार बनती और नष्ट होती रहती हैं। बोन मैरो इन नई कोशिकाओं का निर्माण करता है। कुछ बीमारियाँ बोन मैरो को क्षतिग्रस्त कर देती हैं या उसमें असामान्य कोशिकाएँ भर जाती हैं। ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया में रोगग्रस्त कोशिकाओं को हटाकर स्वस्थ स्टेम कोशिकाएँ प्रत्यारोपित की जाती हैं, जो बाद में नई और स्वस्थ रक्त कोशिकाओं का निर्माण शुरू कर देती हैं।

स्टेम कोशिकाएँ मूल कोशिकाएँ होती हैं, जिनसे लाल रक्त कोशिकाएँ, सफेद रक्त कोशिकाएँ और प्लेटलेट्स विकसित होती हैं। पर्याप्त स्वस्थ स्टेम कोशिकाएँ मिलने पर बोन मैरो धीरे-धीरे सामान्य रूप से कार्य करने लगता है।

**किन रोगों में होती है आवश्यकता ?**

डॉक्टर बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सलाह तब देते हैं, जब रक्त या अस्थि मज्जा से जुड़ी गंभीर बीमारियों में अन्य उपचार पर्याप्त परिणाम नहीं दे पाते। इसके प्रमुख कारणों में ल्यूकीमिया, लिंफोमा और मल्टीपल मायलोमा जैसे रक्त कैंसर शामिल हैं। इसके अलावा थैलेसीमिया, सिकल सेल रोग और गंभीर अप्लास्टिक एनीमिया जैसी गैर-कैंसर बीमारियों के उपचार में भी बोन मैरो ट्रांसप्लांट उपयोगी साबित हो सकता है। मरीज की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और बीमारी की गंभीरता को ध्यान में रखकर विशेषज्ञ चिकित्सक यह निर्णय लेते हैं। इस प्रक्रिया में मरीज की अपनी स्टेम कोशिकाओं का उपयोग किया जाता है। पहले कोशिकाओं को सुरक्षित रखा जाता है, फिर उपचार के बाद उन्हें वापस शरीर में प्रत्यारोपित किया जाता है। चूंकि कोशिकाएँ मरीज की ही होती हैं, इसलिए अस्वीकृति का खतरा कम रहता है। इसमें किसी उपयुक्त डोनर की स्टेम कोशिकाएँ ली जाती हैं। डोनर का चयन एचएलए (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) परीक्षण के आधार पर किया जाता है। अच्छा मिलान होने पर उपचार की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। कॉर्ड ब्लड (गर्भनाल रक्त) तथा आंशिक रूप से मिलान वाले डोनर (हैप्लोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट) भी स्टेम कोशिकाओं के स्रोत हो सकते हैं। इससे अधिक मरीजों को उपचार का अवसर मिल पाता है। जाँच चरण: मरीज के रक्त परीक्षण, हृदय, फेफड़ों और अन्य अंगों की जांच की जाती है।




**मेष**-आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृषभ**-रुके हुए कार्य पूरे होने के योग हैं। नौकरी और व्यापार में लाभ मिलेगा। अनावश्यक विवाद से बचें। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**मिथुन**-नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कर्क**-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निवेश सोच-समझकर करें।

**सिंह**-मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिल सकती है। व्यापार में लाभ होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**-नौकरी में उन्नति के अवसर मिलेंगे। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**तुला**-दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृश्चिक**-कार्यस्थल पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। धैर्य और संयम से काम लें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु**-भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में सफलता के योग हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**मकर**-आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**-नई योजनाओं में सफलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है।

**मीन**-आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

### आज का पंचांग (04 अगस्त 2026, मंगलवार)

तिथिः श्रावण शुक्ल पक्ष

वारः मंगलवार

नक्षत्रः दिनानुसार परिवर्तनशील

राहुकालः दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक (स्थानानुसार परिवर्तन संभव)

आज का उपायः

हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करें तथा हनुमान चालीसा का पाठ करें। इससे साहस, आत्मविश्वास और कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

# प्रश्न स्वतंत्र अभिव्यक्ति का ही नहीं सच, भरोसे व उत्तरदायित्व का भी



क्या किसी आंदोलन की पहचान केवल सड़कों पर लगने वाले नारों, हाथों में उठे पोस्टरों, रैलियों और जनसभाओं से होती है? यह सवाल अगर आज से 10 साल पहले पूछा जाता तो उत्तर शायद 'हां' होता। लेकिन आज परिदृश्य बदल चुका है। अब किसी आंदोलन या मुहिम की पहली झलक किसी अख़बार के पहले पन्ने पर नहीं, बल्कि किसी स्मार्टफोन की स्क्रीन पर दिखाई देती है। आज सोशल मीडिया का एक हैशटैग लाखों लोगों को जोड़ देता है, तो कभी कुछ सेकंड की रील सत्ता और समाज के बीच बहस का विषय बन जाती है। कभी एक साधारण-सा सोशल मीडिया ट्रेंड—'आउटफ़िट रिवील' राजनीतिक प्रतिरोध का सांस्कृतिक प्रतीक बन जाता है। यह बदलाव हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में बड़े पैमाने पर दिखाई दिया। वहां साबित हुआ कि सोशल मीडिया के ट्रेंड जन आंदोलनों की नई भाषा गढ़ रहे हैं। खासतौर से चर्चा में आई नौजवान पीढ़ी- जेन-ज़ी के लिए हैशटैग, मीम और रील अब सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के नए औज़ार बन चुके हैं।बीते कुछ वर्षों में भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में स्पष्ट हुआ कि बरास्ता इंटरनेट हमारे सामने हर वक्त मौजूद रहने वाले सोशल मीडिया डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म अब संवाद का माध्यम भर नहीं हैं। बल्कि वे लोकतांत्रिक ढंग से राय रखने, नागरिक भागीदारी और वैकल्पिक जनसंचार के सबसे प्रभावशाली मंच हैं। जिस पीढ़ी ने इंटरनेट के साथ होश संभाला है, वह आज इन्हीं मंचों के इस्तेमाल से लोकतंत्र की भाषा भी बदल रही है। आंदोलनों के लिए लंबी प्रेस विज्ञप्तियां जारी करने के स्थान पर इंस्टाग्राम या फेसबुक की रील बनाती है, भाषणों की जगह मीम साझा करती है और पोस्टर की जगह प्रोफ़ाइल फ्रेम बदलकर अपना तर्क और पक्ष दर्ज कराती है। यह समूचा बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी है। लोकतंत्र का सार्वजनिक चौक अब केवल सड़कों पर नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और व्हाट्सऐप जैसे डिजिटल मंचों पर भी आ चुका है। इसमें सबसे दिलचस्प छौंक लगाया है फैशन से जुड़ी चीजों-शब्दावलियों ने।हालांकि, पहनावों के जरिए प्रतिरोध अभिव्यक्त करने का एक अतीत है, लेकिन पहले इनका ज्यादा इस्तेमाल फैशन इन्फ्लुएंसर, फिल्म कलाकार और कंटेंट क्रिएटर मनोरंजन तथा जीवनशैली के हिस्से के रूप में करते थे। यहां तक कि सोशल मीडिया में भी 'आउटफ़िट रिवील' शब्द का अर्थ लंबे समय तक केवल इतना था कि कोई व्यक्ति अपने नए परिधान, फैशन या स्टाइल को वीडियो या तस्वीर के माध्यम से दिखाए। लेकिन डिजिटल संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वह शब्दों के अर्थ बदल देती है। यह बदलाव हाल में तब दिखा, जब कई विरोध प्रदर्शनों में युवाओं ने इस शब्द को व्यंग्य और प्रतिरोध की भाषा में बदल दिया। पुलिस बैरिकेड के सामने खड़े प्रदर्शनकारी, गिरफ्तारी के समय पहने गए कपड़ों, धूल-मिट्टी से सने जूतों या विरोध-स्थल की तस्वीरों को 'आउटफ़िट रिवील' लिखकर साझा करने लगे। इसका संदेश स्पष्ट था— 'हमारा फैशन नहीं, हमारा प्रतिरोध देखिए।' यह केवल फैशन का प्रदर्शन नहीं है। बल्कि डिजिटल संस्कृति के माध्यम से सत्ता, मीडिया और समाज को एक साथ संबोधित करने की नई शैली है। इस तरह मनोरंजन और फैशन की भाषा राजनीतिक व्याख्या में बदल गई है। सोशल मीडिया विशेषज्ञ इसे 'कल्चरल री-फ्रेमिंग' के तौर पर दर्ज कर रहे हैं। इसका अर्थ किसी लोकप्रिय सांस्कृतिक प्रतीक को नया सामाजिक अर्थ देना है। यही वह असली वजह है, जो बताती है कि क्यों और कैसे डिजिटल आंदोलनों में कुछ शब्द, इमोजी, रंग, गाने और दृश्य प्रतीक अचानक व्यापक राजनीतिक महत्व ग्रहण कर लेते हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# जिलाधिकारी की संवेदनशील व दूरदर्शी पहल से बदलेगी सहरिया बच्चों की तकदीर

## 1496 बच्चों को मिला जन्म प्रमाण पत्र, अब शिक्षा, छात्रवृत्ति, पोषण एवं अन्य सरकारी योजनाओं का खुलेगा रास्ता

**जन्म प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन का प्रथम अधिकार है: डीएम सत्यप्रकाश**



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के योगी सरकार के संकल्प को साकार करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की संवेदनशीलता एवं दूरदर्शी पहल ने सहरिया जनजाति के हजारों परिवारों के जीवन में नई आशा का संचार किया है। उनकी अभिनव सोच और प्रभावी प्रशासनिक रणनीति के परिणामस्वरूप जनपद के 1496 सहरिया बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं, जिससे अब इन बच्चों के लिए शिक्षा, छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य, आधारकार्ड तथा अन्य सरकारी योजनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा। इस पहल की विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी ने केवल समस्या का संज्ञान नहीं लिया बल्कि उसके मूल कारण को पहचानते हुए जनजाति बाहुल्य ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित कराने, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधारकार्ड जैसे आवश्यक अभिलेख मौके पर ही तैयार कराने की अभिनव कार्ययोजना लागू कराई। यही दूरदर्शी निर्णय आज हजारों परिवारों के लिए सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव का आधार बन रहा है। जिलाधिकारी के इस संवेदनशील व दूरदर्शी अभियान के अंतर्गत अब तक 1496 सहरिया बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र जारी हो चुके हैं। इनमें विकासखण्ड बिरधा में 604, जखौरा में 370, महरौनी में 247, तालबेहट में 204, बार में 38 तथा मड़ावरा में 33 जन्म प्रमाण पत्र जारी किये गए हैं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि ''यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि कोई भी पात्र बच्चा केवल आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में अपने संवैधानिक अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन का प्रथम अधिकार है। उल्लेखनीय है कि लगभग 6 माह पूर्व जनसुनवाई के दौरान सहरिया समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी को बताया था कि जन्म प्रमाण पत्र न होने के कारण उनके बच्चों के आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और वे सरकारी योजनाओं तथा विद्यालय में प्रवेश जैसी सुविधाओं से वंचित हैं। इस गंभीर समस्या को जिलाधिकारी ने अत्यंत संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल अधिकारियों की टीम गठित की और जनजाति बाहुल्य गांवों में विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिये। आज उसी दूरदर्शी निर्णय का परिणाम है कि हजारों बच्चों की पहचान सुनिश्चित हुई है और उनके भविष्य के नये द्वार खुल गये हैं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की यह पहल सुशासन की उस अवधारणा को सशक्त करती है, जिसमें प्रशासक केवल योजनाएं संचालित नहीं करता, बल्कि समाज के सबसे अंतिम और वंचित व्यक्ति तक अधिकारों की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करता है।

## वन्यजीव को पकड़ने का प्रयास विफल, वन विभाग ने आरोपियों को दबोचा

**ललितपुर।** क्षेत्र में एक वन्यजीव को पकड़ने का प्रयास किए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वन विभाग ने मामले में शामिल लोगों को पकड़ लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन्यजीवों को पकड़ना, उनका शिकार करना अथवा उन्हें नुकसान पहुंचाना वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव के दिखाई देने पर उसे पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# वरिष्ठ पत्रकार राजीव सिंघई को अयोध्या गौरव रत्न सम्मान - 2026

## भारत वर्ष के 7 प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान



स्वतंत्र प्रभात | महोबा

आर के पाण्डेय, दि ग्राम टुडे, परमशक्ति धाम, अयोध्या विकास क्षेत्र। 1 राष्ट्र 1 शिक्षा 1 व्यवस्था के कार्य योजना पर आधारित व 1 ईंट 1 रुपए के जन सहयोग से निर्मित तथा 1 रुपए के जन सहयोग से स्वविस्तारित कार्य प्रणाली पर संचालित होने जा रहे पीडब्ल्यूएस शैक्षिक महाक्रांति के महाअभियान के अंतर्गत सभी निर्धन बेसहारा बच्चों को पूर्णतया निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध उपलब्ध कराने को समर्पित पीडब्ल्यूएस शिक्षालय द्वारा भारत वर्ष के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र दि ग्राम टुडे के प्रधान संपादक सुभाष चंद्र पाण्डेय सहित भारत वर्ष के प्रतिष्ठित 7 वरिष्ठ पत्रकारों को अयोध्या गौरव रत्न सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया है।

उपरोक्त की जानकारी देते हुए पीडब्ल्यूएस प्रमुख आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रचार-प्रसार के जरिए शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले भारत वर्ष के प्रमुख वरिष्ठ पत्रकारों को प्रति वर्ष पीडब्ल्यूएस शिक्षालय परिवार द्वारा अयोध्या गौरव रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया जाता है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2026-27 में यह अयोध्या गौरव रत्न सम्मान - 2026 राष्ट्रीय हिंदी दैनिक दि ग्राम टुडे के प्रधान संपादक सुभाष चन्द्र पाण्डेय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश), सूरत सम्राट के प्रधान संपादक मनोज मिश्र (सूरत, गुजरात), सत्ता निर्माण के प्रधान संपादक भानु प्रताप सिंह (हरदोई, उत्तर प्रदेश), प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक गुप्ता, प्रतापगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार जतिन चतुर्वेदी तथा ललितपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजीव सिंघई व मान सिंह को दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सचखंड एक्सप्रेस में सो रहे यात्री का बैग चोरी

**नकदी व मोबाइल समेत 33 हजार रुपए से अधिक का सामान पार**

**ललितपुर।** मथुरा से महाराष्ट्र जा रहे एक यात्री का सचखंड एक्सप्रेस में सफर के दौरान बैग चोरी हो गया। चोर यात्री के सोते समय सीट के नीचे रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में नकदी, मोबाइल फोन, पावर बैंक और अन्य सामान सहित करीब 33,400 रुपये का सामान रखा था। घटना की जानकारी ललितपुर रेलवे स्टेशन पर नींद खुलने के बाद हुई। जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र के जिला जलगांव पचोरा निवासी अजय नेवंदराम तोलाणे अपनी बहन और भांजी सानिया के साथ भगवान के दर्शन के लिए वृंदावन आए थे। दर्शन के बाद 12 जून 2026 की शाम उन्होंने ट्रेन संख्या 12716 सचखंड एक्सप्रेस के जनरल कोच में मथुरा जंक्शन से महाराष्ट्र के लिए यात्रा शुरू की। रात में सीट मिलने पर परिवार सो गया। 13 जून की तड़के करीब 1.30 बजे जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंची तो अजय की नींद खुली। उन्होंने देखा कि सीट के नीचे रखा उनकी भांजी का भूरे रंग का स्लिंग बैग गायब था। काफी तलाश के बाद भी बैग का कोई सुराग नहीं लगा। चोरी हुए बैग में 9 हजार रुपये नकद, करीब 20 हजार रुपये कीमत का वीवो स्मार्टफोन, दो पावर बैंक, दो मोबाइल चार्जर तथा बैग सहित कुल करीब 33,400 रुपये का सामान रखा था। घटना के बाद अजय तोलाणे ने अपने गृह क्षेत्र रेल पुलिस चौकी पचोरा (महाराष्ट्र) में शिकायत दर्ज कराई थी। चूंकि चोरी की घटना ललितपुर रेलवे स्टेशन के आसपास हुई थी, इसलिए जीरो एफआईआर के माध्यम से मामला जीआरपी थाना ललितपुर भेजा गया। जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बीएसए के औचक निरीक्षण में खुली स्कूलों की पोल

## ताले में बंद मिले विद्यालय, कई शिक्षकों का वेतन-मानदेय रोका

» दिदौरा, नैगुवां और सुनवाहा के विद्यालयों में मिलीं खामियां
» लापरवाही पर प्रधानाध्यापकों से मांगा स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने सोमवार को विकासखंड बार और महरौनी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, विद्यालय बंद मिलना, साफ-सफाई की खराब स्थिति, एमडीएम व्यवस्था में लापरवाही और कंपोजिट ग्रांट के उपयोग में अनियमितताएं सामने आईं। बीएसए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों व शिक्षामित्रों का वेतन एवं मानदेय रोकने तथा संबंधित विद्यालय प्रभारियों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सुबह करीब 8.40 बजे यू.प्रा.वि. दिदौरा (बार) विद्यालय बंद मिला। मौके पर कक्षा छह के छात्र अजय और देवराज चाबी लेकर पहुंचे और अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यालय का ताला खोला। विद्यालय में रंगाई-पुताई की स्थिति खराब मिली। कंपोजिट ग्रांट से कोई कार्य नहीं कराया गया था। हैंडवाश निष्क्रिय पाए गए तथा शौचालयों में गंदगी मिली। बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश सोनी से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अनुपस्थित अनुदेशक बसंत एवं हरिप्रकाश का मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी बार को तीन दिन में विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय दिदौरा (बार) का निरीक्षण किया गया। यहां 60 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 25 छात्र उपस्थित मिले। शिक्षामित्र सुरेंद्र सिंह और उर्मिला देवी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी की छुट्टी का ऑनलाइन रिफरेंस नंबर दर्ज नहीं मिला। विद्यालय में रंगाई-पुताई नहीं कराई गई थी और परिसर में गंदगी मिली। इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संदीप कुमार खरे से स्पष्टीकरण मांगा गया। सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी का वेतन अवरुद्ध करने और अनुपस्थित शिक्षामित्रों का मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। महरौनी विकासखंड के यू.प्रा.वि. नैगुवां में निरीक्षण के दौरान एमडीएम व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। रसोइयों ने बताया कि विद्यालय में कभी गैस पर भोजन नहीं बनाया गया, बल्कि हमेशा चूल्हे पर ही खाना तैयार किया जाता है। बीएसए ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए जांच के निर्देश दिए। विद्यालय में 181 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 109 छात्र उपस्थित मिले। शौचालयों के दरवाजे क्षतिग्रस्त पाए गए। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र भागीरथ का मानदेय रोक दिया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार तिवारी से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। विकासखंड बार के प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 148 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 80 छात्र उपस्थित मिले। विद्यालय में रंगाई-पुताई का कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया और परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी मिलीं। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र मेहरवान सिंह का मानदेय काटने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक अक्षय मिश्रा से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 83 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 10 बच्चे उपस्थित मिले। परिसर में गंदगी और घास मिलने पर सफाई कराने के निर्देश दिए गए। अनुपस्थित अनुदेशक सुनील प्रकाश त्रिपाठी और बलराम कुशवाहा का मानदेय रोकने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवप्रकाश से जवाब-तलब किया गया। बीएसए रत्नेश कुमार ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और शासन की योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण लगातार जारी रहेगा और लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नपाध्यक्ष ने किया सीसी सड़क व नाली निर्माण का लोकार्पण

## विकास कार्यों का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने सोमवार को नगर के वार्ड संख्या-09 सिविल लाइन एवं चांदमारी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दो नव निर्मित सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया तथा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने सबसे पहले चौबे आटा चक्की से श्रीधर मामा की ओर तथा वीरेन्द्र पुरोहित, मुकेश दीक्षित एवं आलोक किराना स्टोर के पास निर्मित सीसी सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया। इसके बाद आईटीआई के सामने रामदेवी के मकान से संज्ञा कम्प्यूटर तक बनाई गई सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। लोकार्पण के बाद अध्यक्ष ने चांदमारी क्षेत्र में बसंत नामदेव के मकान से पहाड़ सिंह के मकान होते हुए घनश्याम सेन के मकान तक निर्माणाधीन सीसी सड़क एवं नाली कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली और संबंधित अवर अभियंता व ठेकेदार को निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी निर्माण कार्यों पर नजर रखने और किसी भी प्रकार की शिकायत सीधे उन्हें या नगर पालिका को देने की अपील की। इसके बाद नगर पालिका परिषद कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने, शासन की योजनाओं एवं जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा प्रत्येक फरियादी की शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद अशोक कुमार पंथ, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, स्वास्थ्य नायक सनी बाबरा सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# मानव सेवा को समर्पित रहा महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला का जन्मदिन, रक्तदान शिविर में जुटीं युवा शक्ति

» 9 यूनिट रक्त संग्रहित, दो यूनिट दुर्लभ ओ-नेगेटिव ब्लड मिला
» अंगदान-देहदान, नशा मुक्ति और वृक्षारोपण का भी दिया संदेश



**युवा ने लिया अंगदान और देहदान का संकल्प**

नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवा सौरभ पटेल ने शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से मेडिकल छात्रों के पठन-पाठन हेतु देहदान का संकल्प तथा राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन, भारत सरकार के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान संकल्प लिया। इस अवसर पर उन्हें अंगदान प्रतिज्ञा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेने का आह्वान किया।

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं लायन्स क्लब (बुन्देलखण्ड) क्षेत्र के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला का जन्मदिन रविवार को मानव सेवा और जनकल्याण को समर्पित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, अंगदान-देहदान जन- जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान तथा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान एवं लायन्स क्लब बुन्देलखण्ड के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि दुर्लभ ओ-नेगेटिव रक्त समूह की दो यूनिट का संग्रह रहा, जो गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों के उपचार में अत्यंत उपयोगी माना जाता है। शिविर में महिला सहभागिता भी प्रेरणादायी रही। कु.योगिता विश्वकर्मा ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उपस्थित लोगों ने उनके इस सामाजिक योगदान की सराहना की। ट्रस्ट संस्थापक खुशालचन्द साहू ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान जीवन बचाता है, जबकि अंगदान और देहदान मानवता की ऐसी अमूल्य विरासत हैं जो मृत्यु के बाद भी समाज की सेवा करती हैं। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण कर हरित एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प भी दोहराया गया। उपस्थित नागरिकों को नियमित रक्तदान, अंगदान, देहदान तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य जिला रक्त केंद्र की टीम ने किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.विमल कुमार, लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार एवं अजय प्रताप, लैब सहायक मनोज सोनी, वार्ड बॉय जितेन्द्र कुमार तथा सहयोगी भवानी सिंह एवं राजू ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदान करने वालों में कु.योगिता विश्वकर्मा, सौरभ, अयान शाह, निर्मल साहू, सुधीर मिश्रा, आर्यन परिहार, आदर्श साध, विशाल यादव एवं सौरभ पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम में शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कोषाध्यक्ष सुषमा साध, उपाध्यक्ष अनिल साहू, परवेज पठान, इं.भागीरथ बरुआ, निर्मल साहू, राजकुमार खजुरिया एवं लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा तथा लायन्स क्लब बुन्देलखण्ड की ओर से उमाशंकर चौबे, अनिल जैन सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला ने कहा कि जन्मदिवस जैसे व्यक्तिगत अवसरों को समाज सेवा के माध्यम से मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

## क्षेत्रपाल मंदिर के पास युवक पर हमला

**जातिसूचक गालियां देने का आरोप, चार पर मामला दर्ज**

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में क्षेत्रपाल मंदिर के पास एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा द्वितीय (लेडिया) निवासी सत्यनारायण रजक पुत्र फूसा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई 2026 की रात करीब 9.40 बजे वह क्षेत्रपाल मंदिर के पास से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान यूपी-94 एटी-2834 नंबर की टैक्सी से आए सूरज कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा तथा सूरज के बड़े भाई ने उन्हें टक्कर मार दी। आरोप है कि जब उन्होंने टक्कर मारने का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन से कुछ अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से मारपीट कर दी। घटना में उन्हें शरीर पर कई चोटें आईं। सत्यनारायण रजक का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को भविष्य में भी खतरा बना हुआ है। शहर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर 2 अगस्त 2026 को बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352 एवं 351(3) तथा एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(घ), 3 (1)(द), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



**भोलेनाथ के जयघोष से गूंजा ललितपुर**

**ललितपुर।** सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव की आराधना के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन-अर्चन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। शहर के प्राचीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भगवान भोलेनाथ के दर्शन और अभिषेक के लिए महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवार्चन, रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सिद्धपीठ श्री चंडी माता मंदिर धाम में चल रहे सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। वहीं घंटाघर स्थित श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण और विशेष पूजन का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर दिनभर श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। भक्तों ने भगवान शिव का दुग्ध, जल, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और भस्म से अभिषेक कर मनोकामनाएं मांगीं। दूसरी ओर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांवड़िए कंधों पर कांवड़ लेकर नाचते-गाते शिवालयों की ओर रवाना हुए। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़िए डीजे, ढोल-नगाड़ों और शिव भजनों की धुन पर बम-बम भोले, हर-हर महादेव और जय शिव शंकर के जयघोष करते हुए भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने पहुंचे। नगर पंचायत पाली स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भी सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आसपास के गांवों के अलावा दूरदराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकालकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा। सावन के पहले सोमवार पर जिलेभर के शिवालयों में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के भी विशेष इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे दिन शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# चकबंदी प्रक्रिया में धांधली का आरोप

» अंडेला गांव के किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन
» चक नंबर बदलने, खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराने और दस्तावेजों में छेड़छाड़ का लगाया आरोप, जांच की मांग



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

तहसील एवं जिला ललितपुर अंतर्गत ग्राम अंडेला के किसानों ने चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी कार्य में नियमों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से कार्रवाई की जा रही है, जिससे छोटे और गरीब किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में चक नक्शा और चक बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

इस दौरान कई किसानों से बिना जानकारी दिए खाली रुखबंदी रजिस्टर पर हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगवाए जा रहे हैं। आरोप है कि चक बुक के पन्नों में बदलाव करने तथा चक नक्शे पर सफेदा (व्हाइटनर) लगाकर चक नंबरों में परिवर्तन किए जाने की भी आशंका है। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि सहायक चकबंदी अधिकारी विजय श्रीवास्तव 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी वह और उनके पुत्र अनुराग श्रीवास्तव उर्फ छोटू चकबंदी से जुड़े कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उन्हें अलग-अलग बुलाकर दबाव बनाया जा रहा है और पैसों के लेन-देन के माध्यम से चक परिवर्तन किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली और बड़ी जोत वाले लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से छोटे किसानों की जमीनों को प्रभावित किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम अंडेला की चकबंदी प्रक्रिया से संबंधित सभी अभिलेख जैसे चक नक्शा, चक-बुक और रुखबंदी रजिस्टर को तत्काल सरकारी अभिरक्षा में लिया जाए, ताकि उनमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। इसके साथ ही ग्रामीणों ने मामले की गहन जांच कराने, संबंधित लोगों की भूमिका की पड़ताल करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन और चकबंदी आयुक्त, लखनऊ को भी भेजी गई है। ज्ञापन देने वालों में पहलवान सिंह, कृष्णपाल, रामकिशन, शिवराज सिंह, पूरन सिंह, हरिशंकर, रामसेवक, राजाराम सहित ग्राम अंडेला के दर्जनों किसान शामिल रहे।

# बुजुर्ग की हत्या के मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

» हत्या में प्रयुक्त रॉड, सब्बल व क्रेटा कार बरामद
» पुरानी रंजिश में जेसीबी चालक को बुलाकर हमला



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

कोतवाली पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते हुई बुजुर्ग की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड, सब्बल तथा एक सफेद रंग की क्रेटा कार भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसके पति कृष्णपाल तथा सास-ससुर से अवैध रुपये की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मामले में कोतवाली में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पीड़िता के ससुर घनश्याम यादव (65) की झांसी में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा जोड़कर जांच तेज कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2023 में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसमें उनके पक्ष के लोगों को चोटें आई थीं। उसी घटना की रंजिश में उन्होंने 28 जुलाई को कृष्णपाल को आईटीआई के पास जेसीबी मशीन चलाने के बहाने बुलाया और उस पर हमला कर दिया। इसके बाद कृष्णपाल के माता-पिता को फोन कर दुर्घटना का झांसा देकर मौके पर बुलाया और रास्ते में लोहे की रॉड एवं सब्बल से हमला कर फरार हो गए। बाद में घनश्याम यादव की मौत की जानकारी मिलने पर सभी आरोपी छिपते फिर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में तालाबपुरा निवासी गुल्लू उर्फ भरत यादव, थाना बानपुर के ग्राम टीकरा निवासी संदीप तिवारी, थाना जाखलौन के ग्राम बंदरगुढ़ा निवासी सोनू यादव उर्फ सुंदर सिंह, थाना बानपुर के ग्राम दिदौरा निवासी मोहित यादव, सिद्धनपुरा निवासी प्रभान यादव तथा तालाबपुरा निवासी शक्ति वाल्मीकि शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड, एक सब्बल तथा सफेद रंग की क्रेटा कार (नंबर यू.पी.94 ए.एफ. 0635) बरामद की है। पुलिस का कहना है कि बरामद वाहन का उपयोग घटना को अंजाम देने में किया गया था। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**अब 7 अगस्त तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन, 28 नवंबर को होगी प्रवेश चयन परीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय दैलवारा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नवोदय विद्यालय समिति, मुख्यालय नोएडा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 7 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विद्यालय प्राचार्य हरपेंद्र शर्मा ने बताया कि वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थियों से कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में कुल 80 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले निर्धारित अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 अगस्त कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकें। प्राचार्य के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। प्रवेश पूरी तरह चयन परीक्षा के आधार पर होगा। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वह अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें, जिससे अंतिम समय में सर्वर या अन्य तकनीकी समस्याओं से बचा जा सके। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी सही प्रकार से भरना अनिवार्य होगा, ताकि आवेदन निरस्त होने की संभावना न रहे।

# मुसीबत में मदद करना हर इंसान का फर्ज : स्कूली बच्चे

**बच्चों ने स्टाफ के साथ सम्पूर्ण धनराशि डीएम को सौपकर बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भिजवाने का किया निवेदन**

**जनपद के एवीएम इंटर कॉलेज के बच्चों ने असम नागालेंड बाढ़ पीड़ितों के लिए करीब पंद्रह हजार की सहायता राशि की एकत्रित**



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

हाल ही में भारी बरसात के कारण असम नागालैंड सहित उसे इलाके के आसपास के क्षेत्र में जैसे हालात उत्पन्न है जिनमें कई लोगों के घर तबाही हो गए हैं, तो कई जानें गई है। इसको लेकर शहर के एक स्कूल के बच्चों ने असम नागालैंड के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए एक रिलीफ फंड तैयार किया है, जिसे उन्होंने अपने अध्यापकों के साथ जिलाधिकारी को सौप और बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने का निवेदन किया। बच्चों ने कहा कि हर पीड़ित की मदद करना सभी का कर्तव्य है और हर इंसान का फर्ज है।

सोमवार को शहर के एक निजी एबीएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थी अपने स्कूल के स्टाफ के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित हुए, जहां उन्होंने जिला अधिकारी से मुलाकात की। बताया गया है कि स्कूल के सभी बच्चों ने हाल ही में असम नागालैंड आदि क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से हुई तवाही से हुई जन और धन हानि पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान सभी स्कूली बच्चों ने जिला अधिकारी को 15000 रूपये का एकत्रित किया हुआ रिलीफ फंड सौंपकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भिजवाने का निवेदन किया। हालांकि शासन स्तर पर रहता और बचाव कार्य किया जा रहा है। लेकिन इस राहत कार्य में जनपद के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी पीछे नहीं है। इस दौरान जिलाधिकारी ने रिलीज फंड में जमा किए हुए पैसे बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। किस दौरान बच्चों ने कहा कि हम सभी उसे महान भारत देश में रहते हैं जहां क्रर मुसीबत के समय हम भेदभाव भुलाकर परस्पर एक दूसरे के साथ खड़े होते हैं। मुसीबत में पड़े हुए अपने देश के लोगों की मदद करना हर इंसान का फर्ज होता है और इसी क्रम में हमने एक छोटा सा कदम उठाया है हम चाहते हैं कि हमारे द्वारा एकत्रित की गई इस धनराशि को बाढ़ पीडित तक पहुंचाया जाए। इंसानियत सबसे ऊपर है, इंसान होने के नाते हमारा फ़र्ज़ है कि हम अपने जैसे इंसानों मुश्किल समय में मदद करें। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे, कॉलेज प्रबंधक श्रेयांश ड्योडिया, कॉलेज स्टाफ एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

# 17 सितंबर को मड़ावरा में धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव

**ललितपुर**। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की आवश्यक बैठक रविवार को मड़ावरा स्थित कबराटा माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का आयोजन पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक भव्य और आकर्षक होगा। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष महेंद्र झा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता रामगोपाल विश्वकर्मा ने की। संचालन जिला महासचिव अरविंद झा ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले वर्ष भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव को सफल बनाने में समाज के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला था। इस वर्ष भी समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि आयोजन और अधिक भव्य एवं यादगार बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम समाज को एकजुट करने के साथ-साथ समाज सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं। अध्यक्षता कर रहे रामगोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए। इससे समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा, एकता और संगठन मजबूत होता है तथा नई पीढ़ी को समाज की परंपराओं और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय धवारी का आकस्मिक निरीक्षण




स्वतंत्र प्रभात | महरौनी

खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीतू वर्मा ने सोमवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय धवारी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के भौतिक परिवेश, स्वच्छता व्यवस्था तथा कक्षाओं का गहन अवलोकन कर शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक को विद्यालय परिसर में अधिकाधिक वृक्षारोपण कराने तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया।

निरीक्षण के समय विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उपस्थित पाए गए, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के उपरांत विद्यालय परिवार की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती नीतू वर्मा का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपा की सेक्टर समीक्षा बैठक में बूथ संगठन मजबूत करने पर जोर

**बरोदा स्वामी में कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क बढ़ाने और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने का आह्वान**

**ललितपुर**। बहुजन समाज पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत सेक्टर संख्या-26 के अंतर्गत बूथ संख्या 295, 296 एवं 297 की सेक्टर समीक्षा बैठक सोमवार को ग्राम बरोदा स्वामी में मनीराम नेताजी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल प्रभारी केहर सिंह गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह बेसरा, विधानसभा प्रभारी देवेंद्र मनवार, विधानसभा अध्यक्ष संतोष कुमार अहिरवार तथा विधानसभा सचिव तुलाराम राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पदाधिकारियों ने बूथवार संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से घर-घर जनसंपर्क अभियान तेज करने, बहुजन समाज पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने तथा बूथ कमेटियों को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही चुनावी सफलता की आधारशिला होता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संगठनात्मक कार्यों में जुटना चाहिए। बैठक में कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ कमेटियों को सक्रिय करने, संगठन के निर्देशों का पालन करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही संगठन को गांव स्तर तक मजबूत बनाने के लिए नियमित बैठकों और जनसंपर्क अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। बैठक में मलखान अहिरवार, सक्कू प्रजापति, शिवराज विश्वकर्मा, किशोरी, धीरेंद्र वंशकार, निर्मल, हरदास, हरबान, खेमचंद, राम सहाय, अशोक, राजेंद्र कुमार, मनीराम, राजपाल, सुरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करना, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों एवं चुनावी तैयारियों को गति प्रदान करना रहा।

# न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था परखी

**» डीएफएमडी, बैग स्कैनर, हवालात और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण**

**» पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश**

**एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने दिए सतर्कता के निर्देश**




स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने सोमवार को न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वार पर पहुंचकर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैग स्कैनर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और सामान की नियमानुसार गहन जांच सुनिश्चित की जाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपत्तिजनक वस्तु की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हवालात की साफ-सफाई, बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बंदियों के लिए पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखी जाएं। साथ ही महिला एवं पुरुष बंदियों की सुरक्षा और निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने जेल से न्यायालय आने-जाने वाले बंदियों के लिए उपयोग किए जाने वाले बंदी वाहन तथा उसमें तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि बंदियों को वाहन से उतारते और बैठाते समय विशेष सतर्कता बरती जाए तथा उनकी लगातार निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि बंदियों के आवागमन के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। इसके बाद एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मियों को न्यायालय परिसर की लगातार निगरानी करने और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहें। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं न्यायालय आने वाले अन्य लोगों के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार करने तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शहजाद नदी पुल के अप्रोच रोड में बदलाव की मांग



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शहजाद नदी पर निर्माणाधीन पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करने तथा ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोरजी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सर्विस रोड के बजाय सीधे अप्रोच रोड से जोडऩे की मांग को लेकर सोमवार को कुशवाहा समाज ललितपुर के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ललितेश्वरी माता मंदिर नगर की ऐतिहासिक एवं प्रमुख धार्मिक आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि इसी मंदिर के नाम पर ललितपुर नगर का नाम पड़ा। यहां प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के दौरान विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु चुनरी यात्रा, बैंड-बाजे और डीजे के साथ शामिल होकर धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कौशल किशोरजी मंदिर (कुश-कुटी) भी कुशवाहा समाज का प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में लगभग 20 हजार श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली, बग्गियों, झांकियों और अन्य वाहनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि दोनों मंदिरों के मार्ग केवल सर्विस रोड से जोड़े गए तो बड़े वाहनों, धार्मिक शोभायात्राओं और श्रद्धालुओं के आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इससे भविष्य में धार्मिक आयोजनों के सुचारु संचालन के साथ-साथ दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों की गरिमा भी प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग की गई कि शहजाद नदी पर बन रहे पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करते हुए ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोर जी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सीधे अप्रोच रोड से जोड़ा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और नगर की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कुशवाहा समाज जिलाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, नगराध्यक्ष रमेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार राहुल कुशवाहा, पंचायत मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा (राजू मुखिया), पंचायत मंडल नगराध्यक्ष कल्ली कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, वंदना मेहता, जगभान कुशवाहा (पूर्व पार्षद), सुरेश, देवेंद्र कुमार, परमानंद, किशन माते, जानकी प्रसाद, वीरेंद्र, रघुवीर, द्वारिका एड., प्रमोद कुशवाहा, दस्सू माते, सरमन माते, खेमचंद, दीपचंद कुशवाहा (प्रधान) सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# वस्त्रावन में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण व महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात | बार



श्रावण मास के पावन अवसर पर विकासखंड बार के ग्राम वस्त्रावन स्थित श्री गढ़रऊ सरकार मंदिर में असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक का भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है। यह आयोजन महंत श्री चंद्रशेखर दास जी महाराज (झूमर नाथ) के पावन सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

धार्मिक अनुष्ठान में पूरे ग्राम का सहयोग मिल रहा है। विशेष रूप से ग्राम की मातृशक्ति एवं महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए शिव भक्ति की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। प्रतिदिन प्रातःकाल श्रद्धालु विधि-विधान से पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण एवं पूजन करते हैं, जबकि सायंकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों द्वारा भगवान शिव का विधिवत महारुद्राभिषेक कराया जाता है। अनुष्ठान के समापन पर श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव और धूमधाम के साथ पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन करते हैं।

आयोजन में आचार्य पंडित पंकज शास्त्री, ग्राम आचार्य पंडित राहुल पांडेय, पंडित शंकरदयाल पांडेय, मंदिर के पुजारी मनीराम पाण्डेय, यजमान खलक सिंह जूदेव, त्रिभुवन सिंह बुंदेला, रामसिंह बुंदेला, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष कृपाल सिंह बुंदेला, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह बुंदेला, प्रदीप खरे, बूथ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुंदेला, हरनारायण कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष और शिव भक्ति से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख, समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए धार्मिक अनुष्ठान में आस्था के साथ सहभागिता निभाई।

# श्रावण के पहले सोमवार पर नवग्रहेश्वर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्राचीन शिवालय में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु, महिलाओं और बच्चों में दिखा विशेष उत्साह**

स्वतंत्र प्रभात | बार



पहले श्रावण सोमवार पर जहां एक ओर कांवड़िए पवित्र जल लेकर भगवान भोलेनाथ के विभिन्न शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं ललितपुर जिले के बार कस्बा स्थित प्राचीन नवग्रहेश्वर महादेव मंदिर में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ऊंची पहाड़ी पर स्थित इस प्राचीन शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग के साथ-साथ सीढ़ी मार्ग की भी व्यवस्था है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

नवग्रहेश्वर मंदिर के पुजारी भवानी यादव ने बताया कि जो भी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के सच्चे मन से दर्शन और जलाभिषेक करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि पूरे श्रावण मास में यहां दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते हैं।मंदिर की प्राकृतिक सुंदरता भी श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करती है। पूर्व दिशा में स्थित चंदन वन और पश्चिम दिशा में फैला बार का बक्ष सागर तालाब इस प्राचीन शिवालय की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम होने के कारण नवग्रहेश्वर महादेव मंदिर श्रावण मास में श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र बना हुआ है।

# 'बाल श्रम रोको' अभियान के तहत तालबेहट में मुक्त कराये पांच बाल किशोर श्रमिक

**तीन दुकानदारों को दिये नोटिस**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

आयुक्त झांसी मण्डल झांसी एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद को बालश्रम मुक्त कराने हेतु द्वितीय चरण में दिये गये निर्देशों के क्रम में बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषिध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 केअन्तर्गत खतरनाक/गैर खतरनाक व्यवसाय / प्रक्रियाओं में नियोजित बाल एवं किशोर श्रमिकों कोअवमुक्त कराये जाने हेतु दिनांक 03 अगस्त 2026 को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार की टीम सहित ए०एच०टी०यू० प्रभारी मंसूर ओअंसारी, जिला प्रोबेशन से बाल संरक्षण अधिकारी जयराम द्वारा बाल श्रम अधिनियमों की जानकारी देते हुए नगर क्षेत्र तालबेहट का भ्रमण भी कियागया। भ्रमण के दौरान 03 दुकानों में नियोजित 05 बाल/किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन करते हुए सेवायोजकों के विरूद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी की गयी। इसी प्रकार बाल श्रम उन्मूलन तक कार्यवाही निरन्तर चलती रहेगी।

# दस साल पुराने मारपीट के मामले में दो वारंटी गिरफ्तार



**गिरार पुलिस ने अभियान के दौरान कार्रवाई कर न्यायालय में किया पेश**

ललितपुर। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गिरार पुलिस ने सोमवार को करीब दस वर्ष पुराने मारपीट के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के क्रम में थाना गिरार पुलिस ने ग्राम रमगढ़ा निवासी हरीराम पुत्र गन्दू एवं सन्तोबाई उर्फ सन्नोबाई पत्नी दिबुआ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित केस संख्या 742/16, मुकदमा अपराध संख्या 239/15 में भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व दर्ज आईपीसी की धारा 323, 324 एवं 504 के तहत न्यायालय से जारी वारंट के संबंध में वांछित थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों को नियमानुसार संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया गया। थाना गिरार प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल शिवानी कुमारी एवं कांस्टेबल विवेक सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में वारंटी एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी है और ऐसे आरोपितों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**सदमे में पिता की तबीयत बिगड़ी**

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी में संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से एक 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जवान बेटे की मौत का सदमा पिता बर्दाश्त नहीं कर सके और उनकी भी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मोहल्ला चांदमारी निवासी रवींद्र सिंह यादव का 17 वर्षीय पुत्र पृथ्वी सिंह यादव रविवार देर रात करीब 12 बजे के बाद घर पहुंचा। कुछ ही देर बाद उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे लगातार उल्टियां होने लगीं। परिजन तत्काल उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पृथ्वी को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार झांसी ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 9.40 बजे परिजन शव को लेकर फिर से मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा वीरेंद्र यादव ने बताया कि पृथ्वी परिवार में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही पिता रवींद्र सिंह यादव की तबीयत भी बिगड़ गई। उन्हें भी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों का कहना है कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि पृथ्वी ने जहरीला पदार्थ कैसे और किन परिस्थितियों में खाया। उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है।

# भव्य कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज, 16 अगस्त को महरौनी से श्री कुंडेश्वर धाम के लिए रवाना होंगे शिवभक्त

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी



श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा को इस वर्ष भी भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप देने के उद्देश्य से सोमवार को महरौनी नगर के मड़ावरा रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में कांवड़ यात्रा आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के तृतीय सोमवार से पूर्व रविवार, 16 अगस्त 2026 को प्रातः 7 बजे महरौनी से मध्य प्रदेश स्थित प्रसिद्ध तीर्थ श्री कुंडेश्वर धाम के लिए कांवड़ यात्रा धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ रवाना होगी।

आयोजन समिति ने बताया कि पिछले वर्ष श्रद्धालुओं को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था, उन्हें ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रा से लौटने वाले कांवड़ियों के लिए बसों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने यात्रा को अधिक सुरक्षित, अनुशासित और सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का संकल्प लिया।

बैठक में आयोजन समिति के सदस्य दीपक तिवारी 'मोना', राजीव लिटोरिया, सुनील विदुआ, विवेक प्रकाश सोनी 'बंटी', सुरेश पुरोहित, अरविंद्र सिंह चौहान (शिक्षक), संदीप विदुआ, कवि पंकज पंडित, पार्षद नीलेश श्रीवास्तव, संजय दुबे, अखिलेश सोनी, अभिषेक रावत, अभिनय तिवारी, अंशुल सिंह बघेल, अवधेश नायक, अजय पाण्डेय, पत्रकार शैलेन्द्र नायक, पत्रकार सूर्यकांत त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग मातृशक्ति का किया सम्मान, आशीर्वाद लेकर संस्कृति संरक्षण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी



अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा परम पूज्य मुनिश्री 108 विकौशल सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बुजुर्ग मातृशक्ति का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वरिष्ठ माताओं के प्रति सम्मान, सेवा और संस्कारों की भावना को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम में परिषद की महिलाओं ने बुजुर्ग मातृशक्ति का पुष्प, श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने वरिष्ठ माताओं के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनके जीवन अनुभवों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए परिवार एवं समाज में उनके मार्गदर्शन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर मुनिश्री 108 विकौशल सागर जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया गया कि जिस समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहाँ संस्कार, सद्भाव और मानवीय मूल्य सदैव जीवित रहते हैं। मातृशक्ति का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान है और उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला परिषद की पदाधिकारियों एवं सदस्याओं ने संकल्प व्यक्त किया कि वे समाज में बुजुर्गों के सम्मान, सेवा एवं संरक्षण की भावना को निरंतर आगे बढ़ाते हुए पारिवारिक एवं सामाजिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य करती रहेंगी।

इस मौके पर संभागीय अध्यक्ष रश्मि मलैया,प्रांतीय चेयरपर्सन सपना सिंघई,आरती बुखारिया शाखा अध्यक्ष ममता सराफ मीडिया प्रभारी राशि सिंघई, सुमि सिंघई,अमृता चौधरी ,सुनीता चौधरी ,प्राची मलैया, सपना ,मंजू पठा,नेहा पठा, नविता खजुरिया,भावना सिंघई आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# हजारिया मंदिरों पर बम बम भोले की रही गूंज

**तालबेहट**। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

नगर के बाहरकोट स्थित प्राचीन हजारिया महादेव मंदिर, भीतरकोट हजारिया महादेव मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव का आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिरों में रुद्राभिषेक, शिव आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के आयोजन हुए। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष से दिनभर गूंजता रहा। बड़ा बाजार बरिया वाली माता मंदिर पर पार्थिव शिव निर्माण एवं अभिषेक पूजन के नित्य आयोजन किया जा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में भी श्रावण सोमवार के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर भंडारे, सुंदरकांड पाठ, शिव चालीसा एवं भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रावण के प्रथम सोमवार पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्शन कर लौट रहे अधेड़ की ई-रिक्शा पलटने से मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** रायबरेली रोड पर बाल्हेमऊ नहर पुलिया के पास सोमवार को एक ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवारियों से भरा ई-रिक्शा कस्बे की ओर आ रहा था। नहर पुलिया से आगे बढ़ते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा वहीं सड़क पर पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौजूद लोगों ने फ़ौरन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष प्रतीत होती है। उनके पास एक झोला मिला, जिसमें गमछा, केले और पानी की बोतल थी। आशंका है कि वह मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### सावन सोमवार पर डीएम-एसपी ने शिव बाबा धाम की व्यवस्थाएं परखी



**अम्बेडकरनगर।** सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शिव बाबा धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता, दर्शन व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर, दर्शन-पूजन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पाया कि धाम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं और दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सावन माह में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### मोबाइल टावर पर चढ़कर धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** गोपीगंज पुलिस ने महिला से छेड़छाड़, धमकी देने और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, विकास गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि घनश्यामपुर निवासी विजय कुमार गौतम काफी समय से उसकी बहन पर शादी का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर वह एक लाख रुपये की मांग करता था तथा परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि 2 अगस्त को विजय कुमार गौतम मोबाइल टावर पर चढ़ गया और युवती से शादी न होने पर आत्महत्या करने तथा परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। मामले में गोपीगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गोपीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धनापुर मोड़ के पास से अभियुक्त विजय कुमार गौतम (26) निवासी घनश्यामपुर को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# दिनदहाड़े युवक पर जानलेवा हमला, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** कस्बे में सोमवार सुबह दिनदहाड़े हुए जानलेवा हमले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। प्राथमिक विद्यालय बाजार शुक्ल के निकट पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को मरणासन्न अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल की पहचान कस्बा निवासी धर्मेंद्र पाठक, पुत्र देवनारायण पाठक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार को खेत में बकरियां घुसकर फसल और पौधों को नुकसान पहुंचाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उसी समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी और इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने पहले ही शिकायत पर सख्ती दिखाई होती तो सोमवार की यह गंभीर वारदात टाली जा सकती थी। देवनारायण पाठक की तहरीर के अनुसार, 2 अगस्त की शाम खेत में बकरियां चरने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद जमील पक्ष के लोगों ने ईंट-पत्थर और डंडों से हमला कर उनके पुत्रों धर्मेंद्र, सत्येंद्र और विपिन के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अगले ही दिन सोमवार सुबह करीब आठ बजे प्राथमिक विद्यालय के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने धर्मेंद्र पाठक को घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया।

हमले में उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद परिजनों ने स्थानीय थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने काफी देर तक मामले में हीलाहवाली की। बाद में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने देवनारायण पाठक की तहरीर के आधार पर कस्बा निवासी जमील पुत्र रबूदी, उसकी पत्नी, सोनू, चांद




बाबू, शान बाबू, अचू उर्फ कलीम सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों जमील पुत्र रबूदी, मोहम्मद रियाज, शान बाबू तथा शहनाज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, मामले में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा शेष आरोपियों की तलाश और पूरे प्रकरण की विवेचना जारी है। घटना के बाद कस्बे में तनाव का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे विवाद यदि समय रहते पुलिस स्तर पर गंभीरता से निपटा दिए जाएं तो ऐसी बड़ी घटनाओं से बचा जा सकता है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने मार्गों का किया निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती जिले मे आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती ने श्रद्धालुओं (कांवड़ियों) व आम जनमानस की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को दीवानी रोड, तहसील रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गों का प्रशासनिक टीम द्वारा विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सड़कों पर बने गड्ढों को चिह्नित कर तत्काल मौके पर ही श्रमशक्ति व सामग्री लगाकर सुदृढ़ीकरण/पैचवर्क का कार्य प्रारंभ कराया और मार्गों पर यातायात बाधित करने वाले अस्थायी अतिक्रमण एवं अनावश्यक अवरोधों को हटाने हेतु संबंधितों को कड़े निर्देश दिए। उन्होने श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था, चूना छिड़काव एवं पर्याप्त प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपा नेता रोहित पासी ने वरिष्ठों का जाना हालचाल

**जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का दिया भरोसा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता रोहित पासी ने 184 विधानसभा जगदीशपुर के अंतर्गत मंडल शुकुल बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर वरिष्ठ नागरिकों एवं सम्मानित जनों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर वरिष्ठजनों का कुशलक्षेम जाना, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की समस्याओं और जनभावनाओं की जानकारी ली।भ्रमण के दौरान रोहित पासी ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। उनका मार्गदर्शन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के विकास, जनसेवा और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों तक उन्हें पहुंचाकर यथाशीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया।



इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी और पात्र लाभार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।वरिष्ठ नागरिकों ने रोहित पासी के आत्मीय व्यवहार और नियमित जनसंपर्क अभियान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं का समय-समय पर जनता के बीच पहुंचना लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है।भ्रमण के दौरान क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में आत्मीय संवाद, जनसंपर्क और सामाजिक सरोकारों का वातावरण देखने को मिला। रोहित पासी ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वे भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनकी सेवा करते रहेंगे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके आकर पति ने दिया जहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केरुधौली थाना क्षेत्र के तेलौरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर मायके पहुंचकर जहर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्चना पुत्री स्वर्गीय कन्हैयालाल, निवासी ग्राम तेलौरा, पोस्ट मल्हवार, थाना रुधौली, जनपद बस्ती की शादी 13 मई को सिद्धार्थनगर जनपद के डिडई थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव निवासी शिवम से हुई थी। मृत्यु व विपदा

परिजनों का आरोप है कि शादी के लगभग दो माह बाद पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण अर्चना अपने मायके में रह रही थी। उनका कहना है कि लगभग एक माह से उसकी विदाई भी नहीं हुई थी। मृतका के छोटे भाई सौरभ के अनुसार, घटना के समय उनकी मां किसलावती बस्ती इलाज कराने गई थीं और हम चार्जर लेने गए थे। अर्चना घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसका पति शिवम घर पहुंचा और कथित रूप से उसे जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर ग्रामीण उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सौरभ का यह भी दावा है कि मौत से पहले अर्चना ने उसे बताया था कि उसके पति शिवम ने उसे जहर पिलाया है और उल्टी भी कर रहीं थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अर्चना तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसकी बड़ी बहन शीला की शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व छांगुड़िया गांव में हुई थी। बेटी की मौत के बाद मां किसलवती, भाई सौरभ तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा और उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## झपट्टामारी कांड का तीसरा आरोपित गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**देवरिया।** जनपद के खुखुन्दू पुलिस ने झपट्टामारी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा भी बढ़ा दी गई है। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई को तिलौली उर्फ डेहरी गांव निवासी विशाल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मां के गले से लॉकेट झपट लिया था। इस मामले में खुखुन्दू थाने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पहले ही दो आरोपित मुसाफिर शाह और कलीम शेख को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर मुसैला तिराहे के पास से तीसरे आरोपित सद्दाम शाह (24) निवासी मोहन मुंडेरा, थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम-एसपी ने किया जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**» सामान्य सुविधा केंद्र के जीर्णोद्धार एवं श्रमिक सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश**

**» श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर डीएम-एसपी ने डंडेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनपद में औद्योगिक विकास, श्रमिक कल्याण तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूपीसीडा द्वारा संचालित सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी), श्रमिक सुविधा केंद्र, यातायात व्यवस्था तथा श्रावण मास के अवसर पर धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यूपीसीडा द्वारा संचालित सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) का अवलोकन किया। निरीक्षण में केंद्र परिसर स्थित फील्ड हॉस्टल भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में पाया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए भवन की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का रखरखाव प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे उद्यमियों एवं श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सामान्य सुविधा केंद्र के जीर्णोद्धार एवं आधुनिक सुविधाओं के विकास को लेकर यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्र को अधिक उपयोगी एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र के पुनर्विकास की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-21 में स्थित श्रमिक सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए श्रमिकों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिए कि श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा केंद्र का उच्चीकरण कर वहां टेलीविजन, पंखे एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुविधा एवं कल्याण शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने संजय गांधी पॉलिटेक्निक चौराहे का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने ट्रैफिक की सुगमता एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना को चौराहे पर पर्याप्त सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए



निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक उपाय समयबद्ध ढंग से लागू किए जाएं। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रसिद्ध श्री डंडेश्वर महादेव मंदिर, कोछित पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने श्री डंडेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना नीतेश राज, यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय यादव, सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल, सीटेड निदेशक संजय सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सिविल प्रवीण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति आवेदन की समय-सारणी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**अम्बेडकरनगर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अम्बेडकरनगर ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 91/2026/1940/26-3-2026-1513982 दिनांक 20 जुलाई 2026 तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के पत्रांक 1316/30-ग0का0नि0/दशमो दिनांक 21 जुलाई 2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं की राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के संचालन हेतु समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 23 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। वहीं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी शिक्षण संस्थानों की मार्किंग 25 जुलाई से 14 सितम्बर 2026 तक की जाएगी।

उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत नवीनीकरण (Renewal) छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया– दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन का नवीनीकरण 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2026 तक एवं हार्ड कॉपी संस्थान में जमा किया जा सकेगा। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों का बायोमीट्रिक प्रमाणित करना, प्राप्तांक, पूर्णांक, उपस्थिति करना एवं पात्र छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन सत्यापन 15 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत नवीनी (Fresh) छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया– नवीन छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जा सकेगा। आवेदन पत्र का फाइनल प्रिंट 16 सितम्बर से 2 नवम्बर 2026 तक निकाला जा सकता है। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक अभिलेख शिक्षण संस्थान में जमा करना 16 सितम्बर से 4 नवम्बर 2026 तक जमा किए जाएंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 16 सितम्बर से 10 नवम्बर 2026 तक किया जा सकेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं से निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने तथा आवश्यक अभिलेख संबंधित शिक्षण संस्थान में समय से जमा करने की अपील की है, ताकि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## दलित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बस्ती।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र की एक दलित महिला ने पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से न्याय की गुहार लगाते हुए थानाध्यक्ष एवं एक हल्का सिपाही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट और उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बजाय पुलिस ने उस पर समझौते का दबाव बनाया तथा उसके बीमार पति को भी थाने में बैठाए रखा। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़िता शकुन्तला देवी, निवासी ग्राम करचोलिया, थाना कप्तानगंज ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने करीब तीन वर्ष पहले अपने घर के पास जमीन खरीदी थी, जिस पर उनका कब्जा है और वह खेती कर रही हैं। आरोप है कि गांव के कुछ लोग उस जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता का कहना है कि घटना की शिकायत लेकर वह थाना कप्तानगंज पहुंचीं, लेकिन वहां मुकदमा दर्ज करने के बजाय थानाध्यक्ष और हल्का सिपाही ने समझौता करने का दबाव बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौता न करने पर कार्रवाई की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उनके पति संतोष कुमार, जो कैंसर से पीड़ित हैं, को भी थाने में कई घंटे तक बैठाए रखा गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके साथ दो वर्षीय मासूम बच्चे को भी थाने में रोककर रखा गया तथा बाद में शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की गई। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने तथा संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



## सिम बदलकर UPI से ठगी करने वाला गिरोह पकड़ाया, तीन आईफोन बरामद

**बलरामपुर।** जनपद पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए मोबाइल सिम का दुरुपयोग कर UPI खातों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी और दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में प्रयुक्त तीन आईफोन, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 24 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'साइ-वज्र' के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं साइबर क्राइम नोडल अधिकारी विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली उतरौला पुलिस और जनपदीय साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मोहल्ला आर्यनगर निवासी सनी चौरसिया तथा दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी यूट्यूब के माध्यम से आईफोन पर UPI लॉगिन की तकनीक सीखकर परिचित लोगों की मोबाइल सिम कुछ समय के लिए अपने आईफोन में लगाते थे। इसके बाद पीड़ित के NAVI UPI, Paytm अथवा अन्य UPI एप में लॉगिन कर नया पासकोड बना लेते थे। सिम वापस करने के बाद भी Apple Cloud के जरिए उनके आईफोन में लॉगिन सक्रिय रहता था, जिससे वे पीड़ितों के बैंक खातों का संचालन कर रकम निकाल लेते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी नेपाल के चन्द्रौटा स्थित कैसीनो समेत अन्य स्थानों पर पीड़ितों के खातों से ऑनलाइन भुगतान कर नकद राशि प्राप्त करते थे।

# बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। कस्बे के साप्ताहिक बाजार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तक चोरों के सक्रिय होने से आमजन चिंता में हैं। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, ग्राम किश्ती नगर सुबेहा निवासी अरुण कुमार पुत्र रामनिवाज रविवार 2 अगस्त 2026 को शुकुल बाजार के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने आए थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी-41 बीए-9203) बाजार में खड़ी की थी। खरीदारी के बाद लौटने पर उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाना बाजार शुक्ल में लिखित तहरीर देकर वाहन बरामद करने की मांग की।वहीं दूसरी घटना में ग्राम पूरे शुक्लन निवासी राम सुफल गौतम 28 जुलाई 2026 को अपने मरीज को रिक्शे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार आए थे।

मरीज को दिखाने के दौरान अस्पताल परिसर से उनका रिक्शा चोरी हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी रिक्शा नहीं मिलने पर उन्होंने भी थाना बाजार शुक्ल में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि शुकुल बाजार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कभी मोबाइल चोरी होता है तो कभी मोटरसाइकिल या अन्य सामान गायब हो जाता है। लगातार बढ़ रही घटनाओं से व्यापारियों और बाजार आने वाले लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने बाजार, अस्पताल परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने तथा सीसीटीवी निगरानी की प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है। थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल ने बताया कि घटना संज्ञान में है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व सामान उठा ले जाने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र ग्राम बरगदही में सोमवार को एक पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि घर में कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ करने, धमकी देने व नकदी सहित जेवरात उठा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बरगदही निवासी पीड़िता राजकुमारी पत्नी गंगाराम ने पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र मुड़िला खुर्द के शिवकुमार, कंचन कुछ लोगों के साथ घर पहुंच कर मुझे अकेला पाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पतरा व दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और कमरे में रखे सामानों को तोड़ने लगे। कमरे के अंदर बक्से में रखा नकदी सहित कुछ जेवरात भी उठा ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आपस में रिश्तेदारी का मामला है। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। पीड़िता की तहरीर पर प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाई की जायेगी।

# श्रावण सोमवार पर डीएम ने भदेश्वरनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** श्रावण मास के पावन सोमवार पर कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सोमवार को बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, दर्शन मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों और अन्य श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित रूट डायवर्जन का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सेवाएं 24 घंटे सक्रिय रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रखे जाएं। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, नियमित कूड़ा निस्तारण और पेयजल की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का महापर्व है और इसे सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को



श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। मंदिर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी फुटहिया चौराहे पर पहुंचीं और वहां यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवागत अपर जिलाधिकारी ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी धनश्याम सागर, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आमने सामने बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के डलमऊ रोड पर दतौली गांव के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। दतौली गांव निवासी सत्यम (28) पुत्र रामखेलावन बाइक से कस्बे की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पूरे राना मजरे बहाई निवासी विपिन (19) पुत्र विजय बहादुर चला रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सत्यम की मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सत्यम तीन बहनों के बीच अपने पिता का इकलौती बेटा था। वह खेती-बाड़ी के साथ ट्रैवलिंग का व्यवसाय करता था। परिवार में पिता रामखेलावन, माँ राजरानी पत्नी अंकिता और दो साल मासूम बेटी अवनी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहा सत्यम हेलमेट नहीं पहने था।

# संक्षिप्त खबरें

## जिला मजिस्ट्रेट ने 05 गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रो में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने के साहस नहीं करता है, ऐसे 05 व्यक्तियो को जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना कोतवाली नगर अन्तर्गत 05 व्यक्तियों क्रमशः रंजीतपुर चिलबिला के फिरोज पुत्र इलियास व खुर्शीद पुत्र इलियास, स्टेशन रोड जैन गली के तनवीर अख्तर पुत्र मो0 अख्तर, रंजीत सिंह पुत्र देवेश सिंह तथा इरशाद अहमद पुत्र मो0 शरीफ को 6 माह के लिये जिला बदर किया है।

## प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर दो एसडीएम का स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** जनपद में प्रशासनिक कार्यो को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय द्वारा दो उप जिलाधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। उन्होने अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) प्रतापगढ़ के पद पर कार्यरत विमल कुमार को अब उप जिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के पद पर तैनात किया है तो वहीं उप जिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के पद पर कार्यरत जितेन्द्र कटियार को अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) प्रतापगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।

## झारखंडी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**सिद्धार्थनगर।** सावन माह के पहले सोमवार को उसका बाजार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भक्तों की सुबह से ही काफी भीड़ हो गई। नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष के बीच लोगों ने जलाभिषेक कर सुख शांति की बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना किया। झारखंडी महादेव मंदिर महदेवा राय में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन, पूजन एवं जल अभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, मधु, रोली, चंदन, पुष्प, बेलपत्र, द्रव्य, दक्षिणा आदि अर्पित कर पूजा किया। नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल एवं उनके पति हेमंत कुमार जायसवाल ने भी क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ दर्शन एवं पूजा किया। कस्बा अंतर्गत स्थित प्राचीन शिवमन्दिर में भी भारी संख्या में लोगों ने सावन के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया। क्षेत्र के केवटलिया, कर्मा, सुगही, ऊटिया, उसकी, उसका राजा में भी भक्तों ने शिवमंदिर में पूजा करके सुखमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घर एवं मंदिरों में रुद्राभिषेक भी कराया।

## मिशन शक्ति व ऑपरेशन मजनू अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**महराजगंज/रायबरेली।** 03 अगस्त 2026। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं ऑपरेशन मजनू के तहत सोमवार को थाना महाराजगंज की एंटी रोमियो टीम ने राजा चंद्रचूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच महिला सुरक्षा संबंधी पंपलेट एवं बुकलेट वितरित किए गए तथा विद्यालय परिसर में जागरूकता संबंधी पोस्टर भी लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देना रहा। यह अभियान एंटी रोमियो टीम, थाना महराजगंज, जनपद रायबरेली द्वारा संचालित किया गया।

# जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में छूट रहे पसीने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी जगह अब जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना टेढ़ी खीर हो गया है। लोग चाहे जितना हाथ पांव मारे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शासन के नए आदेश से अब केवल 21 दिन के अंदर जन्म या मृत्यु का आवेदन करने पर आसानी से ही उक्त प्रमाण पत्र बन पा रहा है।लेकिन अगर किसी ने लेट किया,तो फिर दौड़ लगाते रहिए।इस समय अगर किसी ने 21 दिन के बाद जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है ।तो उसको महीने दौड़ लगानी पड़ रही है।नए नियम के तहत 21 दिन तक सचिव के माध्यम से बनेगा और 30 दिन तक एडीओ पंचायत तथा 30 दिन से ऊपर एक साल तक डीपीआरओ और एक साल से अधिक होने पर उपजिलाधिकारी के यहां से ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होगा। इसी जानकारी के अभाव में लोग जन्म मृत्यु होने पर घर बैठ जाते है, और जब ब्लॉक का चक्कर लगाते है।तभी उनको असली चीज का पता चलता है।सबसे ज्यादा दिक्कत आधार कार्ड बनवाने वाले बच्चों को हो रही है।

वे जब भी आधार बनाने वाले सेंटर पर जाते है। तो जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है।जिसके न होने की वजह से छोटे छोटे बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहे है। इस प्रकार तो गांव की गरीब भोली-भाली जनता काफी हैरान व परेशान हो रही है। कई ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगो को जानकारी नहीं थी। बच्चो



का आधार कार्ड बनवाना है। अब जन्म प्रमाण पत्र ही नहीं बन पा रहा है। काफी भागदौड़ लगानी पड़ रही है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सदानन्द वर्मा का कहना है कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 21 दिन के अंदर आवेदन कर देना चाहिए। अन्यथा प्रकिया आगे बढ़ने पर समय तो लगेगा ही। जिसमें लोगों को भाग दौड़ करना स्वाभाविक है।

# सावन के प्रथम सोमवार पर चिलबिला हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सावन माह के प्रथम सोमवार पर चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और कांवरियों की लंबी कतारें मंदिर में दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए लगी रहीं।श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं और कांवरियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर समिति के पदाधिकारी, हनुमान भक्त तथा पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ सेवा में जुटे रहे। सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। मंदिर समिति के महासचिव एवं समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सपत्नीक एवं अन्य श्रद्धालुओं के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर महाआरती की तथा प्रदेश और देशवासियों



के सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि सावन भर चिलबिला हनुमान मंदिर परिसर में शिवभक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ रहती है।कांवरियों के ठहरने, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य, सुरेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश केडिया, लालजी, सोनू महाराज, शनि महाराज, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, छोटेलाल सोनी, सूरज, आदर्श उमरवैश्य, सुरेश माली, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, सचिन, सनी गुप्ता, अमर जायसवाल, सिद्धार्थ, आशीष, अमन गुप्ता, विवेक कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## श्रावण के प्रथम सोमवार को निकला भव्य जुलूस, वातावरण हुआ भक्तिमय

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संस्कार मित्र मंडली के तत्वावधान में शिवभक्तों ने भव्य एवं विहंगम जुलूस निकाला। इस दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। कस्बे के सुरसा मंदिर से कावड़ियों का जलूस निकलकर राप्ती नदी पहुंचा जहां श्रद्धालु जल भर कर मंगल बाजार होते हुए प्रमुख शिव मंदिरो पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद जुलूस कोतवाली परिसर में स्थित शिव मंदिर पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना किया। यहां से डीजे की धुन पर नाचते-गाते और झूमते हुए हजारों भक्तों का सैलाब बऊरहवा बाबा मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया इसके बाद जुलूस पुनः सुरसा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगर क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शिवभक्तों के स्वागत और सेवा के लिए पूरे जुलूस मार्ग में जगह-जगह नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पानी, शिकंजी, मिठाई और ताजे फल का स्टाल लगाया था।

## 25,000 का इनामी फरार अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी की तहरीर के आधार पर थाना कंधई पर अंतर्गत धारा 69/351(3) बीएनएस बनाम मुफीजु रहमान उर्फ मुफीज अहमद आदि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। इनामी वांछित अभियुक्त मुफीजु रहमान उर्फ मुफीज अहमद पुत्र मो0 इलियास, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी ग्राम गुतौली, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत ईशनपुर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके विरुद्ध थाना कंधई पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लुक-छिपकर रह रहा था। आज वह कहीं बाहर जाने के उद्देश्य से ईशनपुर ईदगाह के पास साधन का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# कोटेदार संघ के चुनाव में राजनरायण पाण्डेय बने ब्लॉक अध्यक्ष



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार में स्थित ब्लॉक कार्यालय के सभागार में सोमवार को आल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन के मंडल अध्यक्ष राज धर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय भान चौबे की देखरेख में सर्वसम्मति से राजनारायन पाण्डेय को ब्लॉक अध्यक्ष, तौलन को ब्लॉक उपाध्यक्ष, रघुबर को कोषाध्यक्ष, आदर्श गुप्ता को महासचिव, अकबाल को महामंत्री, हरिओम और सुनीता को सचिव, मन्नान को संगठन मंत्री, संजय पासवान और अनूप को मीडिया प्रभारी, धर्मेंद्र को प्रवक्ता के पद पर चुना गया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष संजय सहनी, अनिल मिश्र, धर्मराज, शिव पूजन, संजय श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, मनीष आदि खुशी व्यक्त की और आशा किया है की सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कोटेदारो के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

# भाजपा प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का भव्य स्वागत

**» भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का प्रथम आगमन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं जयघोष के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत कार्यालय में एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा आधार उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती, अनुशासन और संवाद हमारी प्राथमिकता है। सभी कार्यकर्ताओं के सुझावों का सम्मान किया जाएगा तथा संगठन हित सर्वोपरि रहेगा।

जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है।राकेश सिंह ने मुख्य प्रवक्ता के प्रथम आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला। संगठनात्मक चर्चा



सकारात्मक माहौल में हुई और सभी ने पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष केके सिंह, हरि ओम मिश्र, स्वामी नाथ शुक्ल, जिला महामंत्री अजय वर्मा, राजेश सिंह एवं राजेश मिश्रा राजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, छोटे सरकार, जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यालय में लाखों के डिजिटल उपकरणों पर चोरों का हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुबना में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के डिजिटल शिक्षण उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। विद्यालय में लगे स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल), मॉनिटर, यूएसबी वेब कैमरा तथा चार ब्लूटूथ हेडसेट चोरी होने के मामले में प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापिका पूजा सिंह, पत्नी जयनारायण सिंह, वर्तमान में पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुबना में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13/14 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात चोर विद्यालय का ताला तोड़कर Acer ACTOS INP स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल), एक मॉनिटर, एक यूएसबी वेब कैमरा तथा चार ब्लूटूथ हेडसेट चोरी कर ले गए। अगले दिन 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यालय पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। काफी खोजबीन के बावजूद उपकरणों का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने प्रधानाध्यापिका की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने बताया कि विद्यालय में हुई चोरी के मामले




**कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

में तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं, पीड़ित लगा रहा चक्कर

**» पीड़ित ने लगाई उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के पखनपुर गांव निवासी रविंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय बाबादीन ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने गांव के रामप्यारे पुत्र अल्पी, पल्टू पुत्र अल्पी, तथा रामकिशोर पुत्र महादेव के खिलाफ थुलेंडी चौकी, और उपजिलाधिकारी महराजगंज व तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रविंद्र कुमार के अनुसार उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा दिलाए जाने के लिए 28 जून 2022 को उप जिलाधिकारी महराजगंज के न्यायालय में हथबरारी का वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई के बाद उप जिलाधिकारी न्यायालय ने 14 जून 2023 को भूमि की पैमाइश, सीमांकन एवं पथरगढ़ी कराने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में राजस्व निरीक्षक द्वारा भूमि का सीमांकन कर उसे चिन्हित भी कर दिया गया, लेकिन आज तक उन्हें जमीन पर



वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका।

रविंद्र कुमार का आरोप है कि गांव के दबंगों के प्रभाव के कारण प्रशासनिक आदेश के बावजूद वह अपनी पुश्तैनी जमीन का कब्जा पाने से वंचित हैं। उनका कहना है कि आरोपित लगातार जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी संपत्ति को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन कराते हुए उन्हें उनकी पुश्तैनी भूमि पर कब्जा दिलाया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले में उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम का कहना है कि पीड़ित द्वारा तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया गया है हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को भेज कर जल्द ही मामले का निस्तारण किया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालय महानाग में गैस सिलेंडर चोरी

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महानाग में रसोई घर मे चोरी का मामला प्रकाश में आया है।जिसको लेकर शिक्षिका द्वारा तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात ग्राम महानाग स्थिति प्राथमिक विद्यालय में रसोई गैस सिलेंडर चोरी किए जाने का आरोप लगाया गया है।शिक्षिका सुषमा कन्नौजिया ने सोमवार को लोटन कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि सुबह विद्यालय में पहुची तो देखी कि रसोई घर का ताला टूटा है। विद्यालय में रखा गैस सेलेंडर गयाब है आफिस का ताला भी टूटा था।बोरी में रखा चावल की चोरी करने का प्रयास चोरों द्वारा किया गया था। परन्तु किन्हीं कारणों से चावल की बोरी बारमदे में ही चोरों ने छोड़ दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई संत रविदास जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती प्रकाश पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल की ओर से समरसता एकता अभियान के तहत सोमवार को भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। जिसमें पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर, लोटन बाजार से शुरू हुई यात्रा में भाजपा लोटन मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय व्यापारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। कलश वंदन यात्रा लोटन बाजार से प्रारंभ होकर भरमी, बघेली, बघेला, मुडिली एवं पननी होते हुए सिकरी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची।जहां विधि-विधान के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा गुरु रविदास जी के बताए समता, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



किया।यात्रा के समापन के बाद श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, भाजपा लोटन मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष दृगनारायण सिंह, हेमंत सिंह, प्रशांत मिश्रा, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, रुद्र नारायण पाण्डेय, केशव वर्मा, अशोक सिंह,पीताम्बर पांडेय, सुजीत राजभर, परमहंस पांडेय, प्रदीप मोदनवाल, शिवम विश्वास, विनोद गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, व्यापारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका उन्नाव में कर्मचारियों का धरना, विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध




**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव परिसर में सोमवार को कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने में शामिल कर्मचारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। धरना दे रहे कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान नगर पालिका परिसर में कर्मचारियों ने नारेबाजी भी की। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि, देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी रहने की जानकारी मिली।

# सावन के पहले सोमवार पर बाल्हेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का महासैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** पवित्र सावन मास के पहले सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बाल्हेश्वर महादेव मंदिर, ऐहार में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर के कपाट खुलते ही हजारों शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प, धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की तथा सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष से गूंजता रहा।

मंदिर के प्रधान पुजारी पं. झिलमिल महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पट भोर में ही खोल दिए गए थे। इसके बाद देर शाम तक दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला निरंतर चलता रहा।बाल्हेश्वर सेवा समिति के उप प्रबंधक कपिल देव तिवारी ने बताया कि पहले सोमवार पर लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बाल्हेश्वर महादेव के दर्शन एवं जलाभिषेक किए। दूर-दराज़ से आई दर्जनों कांवड़ यात्रियों की टोलियां डीजे की धुन पर नाचते-गाते और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचीं, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूरे मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। समिति के स्वयंसेवक पूरे दिन व्यवस्थाओं



में जुटे रहे। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा। पुलिस की सतर्कता और मंदिर प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# पूर्व छात्रा को राज्यपाल ने तीन स्वर्ण पदकों से किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज रायबरेली की पूर्व छात्रा का लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यपाल द्वारा तीन स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि विद्यालय की पूर्व(2021) मेधावी छात्रा पूर्णिका शुक्ला को लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वे दीक्षांत समारोह में एम .कॉम. की परीक्षा में (83.33%) उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए तीन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति जय प्रकाश सैनी ने छात्रा को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है।



इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है छात्रा की इस उपलब्धि ने स्कूल, क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है, हम और हमारा विद्यालय परिवार छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। उन्होंने कहा कि छात्रा की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन और सहयोग को दिया।

# उन्नाव पुलिस ने जारी की सोशल मीडिया एडवाइजरी

**उन्नाव।** जनपद में शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उन्नाव पुलिस ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए जनहित अपील जारी की है। पुलिस ने नागरिकों से व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ व्यवहार करने का आग्रह किया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति, समुदाय, संस्था अथवा सरकारी विभाग के संबंध में अमर्यादित, अभद्र, भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट एवं संदेश प्रसारित करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत कठोर



वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्नाव पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी पोस्ट या संदेश को सत्यापित किए बिना आगे साझा न करें, अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं से बचें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही कानून का पालन करते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्नाव पुलिस ने अपने संदेश के अंत में नागरिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा है– 'सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा।

## नवाबगंज ओवरब्रिज निर्माण में विधायक ने उठाई आवाज

**नवाबगंज, उन्नाव।** कस्बा नवाबगंज में प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों की चिंताओं के बीच मोहान विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेश कुमार रावत ने पहल की है। विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजेक्ट निदेशक को पत्र भेजकर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को तत्काल स्थगित करने और निर्माण योजना पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। विधायक ने पत्र में कहा कि ओवरब्रिज निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे स्थानीय व्यापारियों की आजीविका और आम नागरिकों के हित प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ स्थानीय लोगों के हितों का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।